# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 131 | गौतमबुद्धनगर, बुधवार 10 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**

मायावती 22 को गृह जनपद नोएडा में करेंगी



**P- 4**

गशत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को चैलेंज के रूप में लेकर पूरी क्षमता के साथ



**P- 5**

इसलिए भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है कनाडा? ट्रूडो के चुनावी



**P- 6**

जडेजा आईपीएल में ये रिकार्ड अपने नाम करने वाले पहले क्रिकेटर बने

# छत्तीसगढ़ में बस खाई में गिरी, 12 की मौत

**15 घायल, मजिस्ट्रेट जांच के आदेश; मृतक आश्रितों को 10-10 लाख देने की घोषणा**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रायपुर-दुर्ग रोड पर मंगलवार रात कर्मचारियों से भरी बस 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने 12 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है।

इससे पहले 14 लोगों की मौत होने की सूचना थी। अभी 15 घायल हैं। इनमें 10 की हालत गंभीर है। मृतकों में 3 महिलाएं भी शामिल हैं। कलेक्टर ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच कराने के आदेश कर दिए हैं।



वहीं केडिया डिस्टलरी की ओर से मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपए, एक सदस्य को नौकरी और घायलों के पूरे इलाज का खर्च उठाने की बात कही है। सभी घायलों को एम्स, एपेक्स, ओम और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, हादसा कुम्हारी में खपरी रोड पर मुरुम खदान में हुआ है। केडिया डिस्टलरी के कर्मचारी प्लांट से बस में सवार होकर लौट रहे थे। हादसे के दौरान बस में 40 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। टॉर्च और मोबाइल के फ्लैश लाइट से रेस्क्यू किया गया।

**नैनीताल में बड़ा हादसा, गहरी खाई में गिरा वाहन**

# सात नेपालियों सहित आठ लोगो की मौत

नैनीताल। उत्तराखण्ड के नैनीताल जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। जिले के बेतालघाट में यात्रियों से भरा एक वाहन खाई में गिर गया। घटना में सात नेपालियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। मृतक वाहन से यात्रा कर रहे थे। बेतालघाट पुलिस स्टेशन के एसएचओ अनीश अहमद ने बताया, सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। इसमें दो घंटे लग गए क्योंकि वहां अंधेरा था और खाई गहरी थी। हादसे में सात नेपालियों और ड्राइवर की मौत हो गई। स्टेशन हाउस ऑफिसर अहमद ने बताया कि घटनास्थल नैनीताल जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी दूर है। नैनीताल जिले के बेतालघाट थाने के ऊंचाकोट गांव में नेपाली मजदूर जल जीवन मिशन के तहत काम कर रहे हैं।





काम खत्म होने पर नौ नेपाली मजदूर अपने घर जा रहे थे। उन्होंने इसके लिए सोमवार देर शाम रामनगर होते हुए चंपावत जिले के टनकपुर के लिए वाहन बुक किया। रात करीब 10.30 बजे जब वाहन कुछ मीटर आगे बढ़ा तो बसकोट गांव निवासी चालक राजेंद्र कुमार (38) का वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन 200 मीटर खाई में जा गिरा।

एसएचओ ने बताया कि घटना का पता चलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा, मैं एसडीआरएफ टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अहमद ने कहा, सात नेपालियों और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मारे गए नेपालियों की पहचान विश राम (50), धीरज (45), अनंत राम चौधरी (40), विनोद चौधरी (38), उदय राम चौधरी (55), तिलक राम चौधरी (45) और गोपाल (60) के रूप में हुई है। दो नेपाली शांति चौधरी और छोटू चौधरी को हादसे में चोटें आई हैं। सभी नेपाली मजदूर एक ठेकेदार के अधीन काम कर रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को एसडीआरएफ टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट पहुंचाया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया।

# प्रत्याशियों को हर चल संपत्ति की जानकारी देने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को उनकी हर संपत्ति की जानकारी देना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवारों की भी निजता होती है और अगर उनकी कोई संपत्ति का वोटिंग से लेना-देना नहीं है तो इसके बारे में बताना भी जरूरी नहीं है। हालांकि ध्यान रखने की जरूरत है कि वह संपत्ति विलासितापूर्ण ना हो और उसकी कीमत बहुत ज्यादा ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 2019 में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में तेजी सीट से निर्दलीय विधायक कारिखो क्रि के चुनाव को बरकरार रखते हुए सुनाया गया है।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उम्मीदवारों और उनके परिवार के सदस्यों को हर चल संपत्ति का ब्यौरा देने की जरूरत नहीं है जबतक कि वह बहुत कीमती या फिर विलासितापूर्ण ना हो।

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा कि गौहाटी हाई कोर्ट का वह फैसला खारिज कर दिया जिसमें कारिखो क्रि के चुनाव को अमान्य करार दे दिया गया था।

याचिका में कारिखो क्रि के विरोधी ने दावा किया था कि कारिखो क्री ने चुनाव से पहले अपनी पत्नी के तीन वाहनों की जानकारी नहीं दी थी जिससे चुनाव पर अनुचित प्रभाव पड़ा। वहीं कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले ही ये वाहन या तो गिफ्ट में दे दिए गए थे या फिर बेच दिए गए थे। ऐसे में ये वान अब क्रि के परिवार के स्वामित्व में नहीं हैं। बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में कारिखो क्रि तेजू सीट से निर्दलीय विधायक चुने गए थे।

चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी नुने तायांग ने क्रि के चुनाव को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका फाइल की थी। उन्होंने तेजू सीट से क्रि के चुनवा को रद्द करने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने चुनाव को रद्द भी कर दिया था।

**गुड़ी पड़वा**



मुंबई में गुड़ी पड़वा /मराठी नव वर्ष के उपलक्ष्य में पारंपरिक पोशाक पहने महिलाएं जुलूस में भाग लेती हुई।

# ग्यारह लाख रुपए के तीन इनामी सहित नौ नक्सली गिरफ्तार

सुकमा। छत्तीसगढ़ की सुकमा पुलिस ने ग्यारह लाख रुपए के तीन इनामी सहित नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने आज बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर ऑपरेशन पर निकले सीआरपीएफ 208, कोबरा 212, 217 बटालियन सहित डीआरजी के जवानों ने घेराबंदी कर कल इन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार 8 लाख का इनामी नक्सली सुखराम उर्फ माड़वी आयत, सीएनएम सदस्य एकलमु देवे पर एक लाख का इनामी, सोढ़ी आयत दो लाख का इनामी सुकमा जिले कई बड़े नक्सली हमले में शामिल रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जवानों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। जवानों ने नक्सलियों के हथियारों और विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद किया है। तोंड़ारमाक कैम्प से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित पहाड़ी की गुफा में नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामान छुपा रखा था और आगामी लोकसभा चुनाव में नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से कुछ तैयारी चल रही थी, लेकिन इसकी भनक सुरक्षा बलों को लगी और ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियारों और विस्फोटक सामग्रियों का जखीरा बरामद किया, जिसकी पुष्टि एसपी किरण चव्हाण ने करते हुए कहा कि नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाब कर दी गई।

**एनकाउंटर** — **उत्तराखंड से यूपी आ रहा था बिट्टू; एसटीएफ ने घेरा तो फायरिंग की; मुठभेड़ में लगी गोली**

# नानकमत्ता डेरा प्रमुख हत्याकांड का शूटर एनकाउंटर में मारा गया

हरिद्वार। उत्तराखंड के नानकमत्ता डेरा के प्रमुख जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या का मुख्य आरोपी शार्प शूटर अमरजीत उर्फ बिट्टू एनकाउंटर में मारा गया। 28 मार्च की सुबह डेरे में तरसेम सिंह की हत्या कर दी गई थी।

डीजीपी उत्तराखंड अभिनव कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात उत्तराखंड पुलिस और एसटीफ को सूचना मिली थी कि बिट्टू अपने साथी के साथ उत्तराखंड से क्भागने की फिराक में है। वह सहारनपुर की तरफ जा रहा है। इस इनपुट पर एसटीएफ-पुलिस ने भगवानपुर क्षेत्र में उसकी घेराबंदी की। मगर, आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में



बिट्टू को गोली लगी। पुलिस उसे सिविल अस्पताल रुड़की ले गई। वहां उसकी मौत हो गई। बिट्टू का एक साथी मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

रविवार को एसएसपी उधमसिंह नगर मंजूनाथ टीसी ने तरसेम सिंह हत्याकांड के दोनों आरोपी बिट्टू और सरबजीत सिंह पर इनाम की राशि 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी थी। इससे पहले पुलिस ने हत्याकांड की साजिश में शामिल 3 आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया था।

आरोपियों की पहचान यूपी के पीलीभीत निवासी परगट सिंह और उत्तराखंड के बाजपुर निवासी जसपाल सिंह भट्टी और सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू के रूप में हुई थी। हत्याकांड में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा जा चुका है। हालांकि, आरोपियों ने तरसेम सिंह की हत्या क्यों की थी? इसकी वजह अब तक सामने नहीं आ पाई है।

### डेरे के अंदर घुसकर मारी थी गोली

28 मार्च की सुबह तरसेम सिंह डेरे के अंदर मेन गेट के सामने कुर्सी पर बैठे थे। वे मोबाइल देख रहे थे। तभी अचानक बाइक से 2 पगड़ीधारी पहुंचे। 3 सेकेंड के अंदर बाबा को 2 गोली मारकर फरार हो गए। डेरे के लोग तरसेम सिंह को खटीमा अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हत्याकांड की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया था। इस घटना का सीसीटीवी भी सामने आया था। इसमें तरसेम सिंह कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे थे, तभी बाइक पर 2 बदमाश आए। उन्होंने तरसेम सिंह के पास पहुंचते ही बाइक रोकी और उन्हें राइफल से सीने में गोली मार दी।



## हैप्पी मॉर्निंग


संता अपनी गर्भवती बीवी को अस्पताल ले गया और नर्स से बोला... अगर लड़का हो तो कहना कि टमाटर हुआ है...और अगर लड़की हो तो कहना प्याज हुई है..! इत्तेफाक से लड़का और लड़की दोनों जुड़वा हो जाते हैं नर्स कन्फ्यूजन में बाहर आई और बोली सर बधाई हो.. 'सलाद' हुआ है..!



## शायरी

फना होने की इज़ाजत ली नहीं जाती<br>
ये वतन की मोहब्बत है जनाब पूछ के की नहीं जाती

## अर्थसार



संसेक्स:<br>
74,683.70<br>
-58.80 (0.079%)<br>
निफ्टी:<br>
22,642.75<br>
-23.55

## मौसम



अधिकतम : 37 डिग्री से0<br>
न्यूनतम : 22 डिग्री से<br>
सूयोदय गुरुवार : 6 : 24<br>
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 03

# दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल को नहीं दी राहत, याचिका की खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति-2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए ईडी द्वारा उन्हें (केजरीवाल) गिरफ्तार करने और फिर विशेष अदालत के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने के आदेश को वैध ठहराते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति तैयार करने की साजिश रचने में शामिल थे और इस रची गई साजिश से प्राप्त आय का उन्होंने इस्तेमाल किया है। एकल पीठ ने कहा कि केजरीवाल व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे। उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था।



## हेमा मालिनी पर टिप्पणी के लिए सुरजेवाला को चुनाव आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को चुनाव प्रचार में भाजपा सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

आयोग ने श्री सुरजेवाला की टिप्पणी को प्रथम दृष्टया अशोभनीय, अभद्र, असभ्य और आदर्श आचार संहिता के विरुद्ध मानते हुए यह नोटिस दिया है। श्री सुरजेवाला को इस नोटिस का जवाब 11 अप्रैल, 2024 को शाम पांच बजे तक देने को कहा गया है। आयोग ने इस संबंध में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अलग से पत्र लिखा है जिसमें उनको सार्वजनिक वक्तव्य में मार्यादाओं का ध्यानरखने के बारे में आयोग द्वारा राजनीतिक दलों के नेतृत्व को भेजे गए 1 मार्च, 2024 के परामर्श पत्र की याद दिलायी गयी है।

आयोग को भाजपा की लोक सभा सदस्या के विरुद्ध हरियाणा में प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता की सार्वजनिक टिप्पणी के खिलाफ पांच अप्रैल को भाजपा की ओर से शिकायत मिली थी।




# ऑनलाइन स्वाद के ज़हरीले सच की जवाबदेही

पिछले दिनों एक परेशान करने वाली खबर अखबारों की सुर्खी बनी। पटियाला में जन्मदिन पर ऑनलाइन केक मंगवाकर खाने से एक बच्ची की मौत हो गई। इसके अलावा बच्ची का पूरा परिवार भी बीमार पड़ गया। विगत में ऑनलाइन मंगवाए गए जहरीला खाना खाने से मरने या बीमार होने के समाचार देश के दूरदराज के इलाकों से सामने आते रहे हैं। पटियाला की घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला कि केक का ऑर्डर ऑनलाइन दिया गया था। सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात यह रही है कि जिस आउटलेट के नाम से कंपनी बनाई गई थी, उस जगह पर केक बनाने व सप्लाई करने वाली कोई कंपनी ही नहीं थी। न ही इस तरह का कोई आउटलेट ही वहां पाया गया था। इसके बाद जब मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ कि विक्रेता के स्वामित्व वाली मूल बेकरी किसी दूसरे ही नाम से चल रही थी तथा ऑनलाइन आपूर्ति करने वाली कंपनी महज कागजों में थी और घर या स्टोर आदि से सामान बनाकर उपभोक्ताओं के ऑर्डर लिये और सप्लाई किये जा रहे थे। बहुत संभव है इसके मूल में आपराधिक सोच रही हो कि दूषित खाद्य पदार्थों की सप्लाई से कोई दुर्घटना होती है तो जनाक्रोश व पुलिस की कार्रवाई से बचा जा सके। लेकिन पुलिस इस मामले की तह तक पहुंची और मूल बेकरी के कुछ कर्मचारियों को गिरफ्तार भी किया गया और सूत्रधार की तलाश की जा रही है। बाकी घटनाक्रम की हकीकत पुलिस की इच्छाशक्ति और ईमानदार जांच से ही पता चल पाएगी।

यहां सहज-सरल स्वाभाविक सवाल यह है कि देश में जब बाजार से मंगवाकर खाने-पीने की चीजों का कारोबार अंधाधुंध रूप से बढ़ रहा है तो क्या केंद्र व राज्य सरकारों की ओर से बाजार में बिकने वाले खाने की चीजों की गुणवत्ता की निगरानी के लिये कोई नये कायदे-कानून बने हैं? क्या इस उछाल मारते कारोबार पर नजर रखने के लिये कोई नियामक संस्था बनायी गई है? या फिर मानकर चलें कि सब रामभरोसे चल रहा है? सवाल यह भी है कि पुराने खाद्य वस्तु नियामक कानूनों को भी नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अपडेट किया गया है? क्या इसमें ऐसे मामलों में घटिया खाद्य सामग्री सप्लाई करने वालों को दंडित करने के लिये कड़े प्रावधान हैं? आये दिन ऑनलाइन खाने की चीजें सप्लाई करने में गड़बड़ियों के मामले सामने आते रहे हैं। आम लोगों को पता चलना चाहिए कि उन मामलों में क्या कार्रवाई हुई है!

हम आए दिन फेमस कंपनियों की खाने की चीजें सप्लाई करने वाले बाइकरों के पीछे लगे गंदे-फटे बैग देखते हैं, जो शायद वर्षों से नहीं धुले होते हैं। जिन्हें देखकर मन खट्टा होता है। बहुत संभव है कि साफ-सफाई के अभाव में खाना खाने वाले व्यक्ति के घातक कीटाणुओं से संक्रमित होने की संभावना बन जाए। क्या जिन बैगों में खाने की चीजें उपभोक्ताओं तक पहुंचाई जाती हैं, उनकी नियमित साफ-सफाई होती है? क्या फूड कैरियर बैग्स को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी आपूर्ति करने वाली कंपनियों की नहीं बनती? हम अपने घर में बनने वाले खाने को तैयार करने में साफ-सफाई की एक लंबी प्रक्रिया का ध्यान रखते हैं। हालांकि, वैसी साफ-सफाई की उम्मीद मुनाफे के लिये कारोबार करने वाली कंपनियों से तो नहीं ही की जा सकती, मगर नागरिकों की सेहत के लिये कैरियर बैग व बर्तनों को पहली नजर में तो कम से कम साफ सुथरा तो नजर आना ही चाहिए। यह बात तो तय है कि यदि वैज्ञानिक तरीकों से खाने की चीजें सप्लाई करने वाले इन फूड कैरियर बैग्स की जांच की जाए तो ये पक्का नुकसान पहुंचाने वाले बेक्टेरिया से संक्रमित पाये जा सकते हैं। ऐसे में ऑनलाइन खाने की चीजें मंगवाने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिये जरूरी है कि इन फूड कैरियर बैगों को प्रतिदिन नियमित रूप से कैमिकली वॉश किया जाए। लेकिन फिलहाल इन गंदे बैगों को देखकर ऐसा होता नजर नहीं आता।

दरअसल होना तो यह चाहिए कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करने वाले फूड इंस्पेक्टरों को खाने के सामान की सप्लाई करने वाले आउटलेट, ढाबों व होटलों की नियमित जांच करनी चाहिए।

# लोकसभा चुनाव में एक नये अध्याय की शुरुआत हो



- ललित गर्ग-



लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है।

लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक "द ताओ ऑफ लीडरशिप" राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रू-ब-रू होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता।

यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र धुंधलका सब देख रहे हैं, लेकिन खामोशी के साथ। शायद सबकी अपनी-अपनी मजबूरियां हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि आखिर उसे मैदान में डटे उम्मीदवारों में से ही एक को चुनना है। इस देश ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, गरीबी, साम्प्रदायिकता के खिलाफ भी जनता को सड़कों पर उतरते देखा है लेकिन राजनीति में टकराव, अपराध, देश-विरोध और हिंसा की राजनीति के खिलाफ कभी कोई आंदोलन नहीं हुआ। चुनाव आयोग की अपनी सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन जेल में बैठे-बैठे लोग चुनाव लड़ भी लेते हैं और जीत भी जाते हैं। खलनायक नायक बनने लगे हैं। चुनाव लड़ने के लिए अधिकतम खर्च की सीमा सरेआम ध्वस्त होती है, लेकिन आयोग कुछ कर नहीं पाता। चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों का उच्चारण-गालीगलोच खुल्लम-खुल्ला होता है, लेकिन आयोग नोटिस देकर ही अपने दायित्व से मुक्त हो जाता है। मतदाताओं के वोट खरीदने के लिए उन्हें सरेआम पैसे ही नहीं शराब तक बांटी जाती है, लेकिन किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। जनता राजनीति के गिरते स्तर से त्रस्त तो है, लेकिन उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाती। इन लोकसभा चुनाव में यह चुप्पी टूटनी चाहिए और आजादी के अमृतकाल को अमृममय बनाने वाला नेतृत्व सामने आना चाहिए। ऐसा नेतृत्व जो देश को अग्रणी आर्थिक महाशक्ति के रूप में ले जाये एवं विकास की स्वर्णिम गाथा को गढ़े।

एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्रसम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ-साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो? उसमें क्या हो, क्या न हो? वह क्या करे, क्यों करे, कब करे, कैसे करे? इत्यादि कुछ जटिल एवं गंभीर प्रश्न हैं जिनके जवाब ढूंढ़े बिना हम एक सक्षम विपक्षी नेतृत्व को उजागर नहीं कर सकते। इन प्रश्नों के उत्तरों की कसौटी पर ही हमें आने वाले सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेतृत्व को कसना होगा। जिस नेतृत्व के पास इन प्रश्नों के उत्तर होंगे, जो समयज्ञ होगा, सहिष्णु होगा, तटस्थ होगा, दूरदर्शी होगा, निःस्वार्थी होगा, वैसा ही नेतृत्व जिस राष्ट्र को प्राप्त होगा, उसकी प्रगति को संसार की कोई शक्ति बाधित नहीं कर सकेगी। ऐसा ही नेतृत्व नया इतिहास बना सकेगा और भावी पीढ़ी को उन्नत दिशाओं की ओर अग्रसर कर सकेगा। आज चुनाव प्रचार में जिस तरह की आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक संस्कृति पनपी है, एक दूसरे पर जूते-चप्पल फेंके जाते है, पत्थर से हमला किया जाता है, छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी और हंगामा आदि घटनाएं ऐसी है जो नेतृत्व को धुंधलाती है।

नेतृत्व को लेकर लोगों की मानसिकता में बहुत बदलाव आया है, आज योग्य नेतृत्व की प्यासी परिस्थितियां तो हैं, लेकिन बदकिस्मती से अपेक्षित नेतृत्व नहीं हैं। जलाशय है, जल नहीं है। नगर है, नागरिक नहीं है। भूख है, रोटी नहीं है- ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या नेतृत्व की इस अप्रत्याशित रिक्तता को भरा जा सकता है? क्या राष्ट्र के सामने आज जो भयावह एवं विकट संकट और दुविधा है उससे छुटकारा मिल सकता है?

हालही में नेतृत्व के प्रश्न पर एक करारा व्यंग्य पढ़ा था-'देश और ट्रेन में यही अंतर है कि ट्रेन को लापरवाही से नहीं चलाया जा सकता।' यानी देश के संचालन में की गई लापरवाही तो क्षम्य हैं पर ट्रेन के पटरी से उतरने में की गई लापरवाही क्षम्य नहीं, क्योंकि इसके साथ आदमी की जिंदगी का सवाल जुड़ा है। मगर हम यह न भूलें कि देश का नेतृत्व अपने सिद्धांतों और आदर्शों की पटरी से जिस दिन उतर गया तो पूरी इन्सानियत एवं राष्ट्रीयता की बरबादी का सवाल उठ खड़ा होगा।

आज देश में लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, नैतिक जीवन-मूल्यों के मानक बदल गये हैं न्याय, कानून और व्यवस्था के उद्देश्य अब नई व्याख्या देने लगे हैं।

चरित्र हासिए पर आ गया, सत्ता केन्द्र में आ खड़ी हुई। ऐसे समय में कुर्सी पाने की दौड़ में लोग जिम्मेदारियां नहीं बांटते, चरित्र बांटने लगते हैं और जिस देश का चरित्र बिकाऊ हो जाता है उसकी आत्मा को फिर कैसे जिन्दा रखा जाए, चिन्तनीय प्रश्न उठा खड़ा हुआ है। आज कौन अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार है? कौन नीतियों के प्रति ईमानदार है? इस संदर्भ में आचार्य तुलसी का कथन यथार्थ का उद्घाटन करता है कि "ऐसा लगता है कि राजनीतिज्ञ का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीतिनिपुण व्यक्तित्व से नहीं, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरि महत्व दें, किन्तु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता है।" राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की उम्मीद तो नहीं की जा सकती, पर वे पशुता पर उतर आएं, यह ठीक नहीं है।

वर्तमान विपक्षी नेतृत्व की सबसे बड़ी विसंगति और विषमता यह है कि वह परदोषदर्शी है, जो सत्तापक्ष की अच्छाई में भी बुराई देखने वाले हैं। यह नेतृत्व कुटिल है, मायाबी है, नेता नहीं, अभिनेता है, असली पात्र नहीं, विदूषक की भूमिका निभाने वाला है। यह नेतृत्व सत्ता- प्राप्ति के लिये कुछ भी करने से बाज नहीं आता, यहां तक जिस जनता के कंधों पर बैठकर सत्ता तक पहुंचने के लिये जैसी राजनीति यह कर रहा है, घोषणा-पत्रों में जनता को ठगने एवं लुभाने के जो प्रयास हो रहे हैं, वे एक तरह से जनता की पीठ में भी सबसे पहले छुरा भोंकते हुए प्रतीत होते हैं।

# टाईम पास

## अंगों के कारोबार की काली दुनिया

मानव ऊतक प्रत्यारोपण का इतिहास कम से कम 140 वर्ष या संभवतः इससे भी पुराना है। दुनिया का पहला सफल मानव अंग (किडनी) प्रत्यारोपण 70 साल पहले हुआ था। तब से मानव यकृत, हृदय, फेफड़े, अग्न्याशय और आंत का सफल प्रत्यारोपण किया गया है। किडनी प्रत्यारोपण सहित इन छह को जीवन रक्षक माना जाता है। आज चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के कारण एक व्यक्ति से करीब 37 अंगों और ऊतकों को निकालकर दूसरे मनुष्य में प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

भारत में पहला सफल मानव किडनी प्रत्यारोपण दिसंबर, 1971 में क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर में किया गया था। सबसे पहले किडनी का ही प्रत्यारोपण हुआ था और आज भी सबसे ज्यादा इसी का प्रत्यारोपण होता है। इसके बाद यकृत और हृदय का स्थान है। हालांकि, जरूरत से काफी कम अंग प्रत्यारोपण होते हैं। अंग प्रत्यारोपण चिकित्सा क्षेत्र की उन्नति का प्रमाण है। दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में भारत में अंग प्रत्यारोपण विदेशियों के लिए अपेक्षाकृत सस्ता है। दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और अफ्रीका के कई देश प्रत्यारोपण सुविधा विकसित करने में सक्षम नहीं हैं।


इसलिए भारत में इलाज कराने के साथ अंग प्रत्यारोपण के लिए बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। चिकित्सा पर्यटन एवं अंग प्रत्यारोपण का दूसरा पहलू अंग व्यापार का समृद्ध कारोबार है। एक ओर जहां जीवन बचाने के लिए परोपकारी अंग दाताओं के सामने आने की खबरें आती हैं, वहीं दूसरी ओर गरीब लोगों से अंग खरीदने की बातें भी सामने आती हैं। अभी हाल ही में पुलिस ने गुरुग्राम में एक गिरोह का भंडाफोड़ किया, जिसमें बांग्लादेश के लोगों को कथित तौर पर अवैध किडनी प्रत्यारोपण के लिए गिरफ्तार किया गया, जो जयपुर के एक अस्पताल में करवाया गया था।

मानव अंगों की खरीद-बिक्री एक पुरानी और वैश्विक परिघटना है। 1970 के दशक से ही इस पर अंकुश लगाने की जरूरत सभी देशों में महसूस की जा रही है। 1980 और 1990 के दशक के मध्य में ज्यादातर देशों ने अंग प्रत्यारोपण के लिए कानूनी ढांचा तैयार कर लिया। भारत सहित ज्यादातर देशों में इसे गैर-कानूनी बनाया गया है। पैसे लेकर अंगदान करने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैर-कानूनी माने जाने के बावजूद अवैध अंग व्यापार जारी है। नेपाल, भूटान, इंडोनेशिया और भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में अवैध किडनी बिक्री का लंबा इतिहास है। पीड़ितों को अक्सर विदेश में उच्च वेतन के वादे कर काम का लालच दिया जाता है, जिसके बाद वे खुद को कर्ज में फंसा पाते और अंग बेचने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

अंग तस्करी के मुद्दे से निपटने और अंगों के उचित आवंटन को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने मानव अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 बनाया। यह कानून चिकित्सीय उद्देश्यों के लिए मानव अंगों और ऊतकों को हटाने, भंडारण और प्रत्यारोपण को नियंत्रित करता है और उनके व्यावसायिक लेन-देन पर भी रोक लगाता है। इस अधिनियम की धारा 19 के अनुसार, वाणिज्यिक लेन-देन में शामिल कोई भी व्यक्ति यदि-अंगों के लिए पैसे देने या पैसे के लिए अंगों की आपूर्ति करने की पेशकश करता है, इसके लिए पहल/बातचीत/विज्ञापन करता है, अंगों की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति की तलाश करता, और झूठे दस्तावेज तैयार करने में सहयोग करता है, तो उसे 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

हालांकि, इसमें चुनौतियां हैं। जब अंगदाता और प्राप्तकर्ता की जोड़ी देशों की सीमा पार करती है, तो सबसे बड़ी चुनौती उनके बीच संबंध स्थापित करने और भुगतान तथा स्वैच्छिक दान में अंतर करने में आती है। दूतावासों से अपेक्षा की जाती है कि वे जबर्दस्ती और भुगतान से इन्कार का प्रमाणपत्र जारी करें, लेकिन अनुभव बताते हैं कि वे हमेशा उचित प्रक्रिया का पालन नहीं करते। भारत में इसकी जांच की अगली जिम्मेदारी अस्पतालों की विशेष समितियों पर होती हैं, जिनके पास इस प्रकार के संदेहास्पद प्रत्यारोपण को रद्द करने का अधिकार है।

## काकुरो पहेली - 3147



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3146 का हल



## हंसी के फूव्वारें

बबलू अपने मित्र को पिछले रविवार का हाल बता रहा था. 'छुट्टी के दिन सुबह ही से मैं अपने बगीचे में काम कर रहा था. अचानक वहां मुझे एक सिक्का मिल गया. मैंने उसे उठाकर अपनी जेब में रख लिया और दोबारा काम करने लगा. फिर मुझे एक सिक्का मिला, उसे भी मैंने जेब में डाल लिया और काम शुरू कर दिया. तकरीबन दस बार ऐसा ही हुआ.'

मित्र ने दिलचस्पी से पूछा, 'क्यों, क्या कोई खजाना छिपा हुआ था वहां?'

बबलू ने बताया, 'नहीं यार, मेरी जेब फटी हुई थी.'

□ □ □

'अरे यार, आज सड़क पर इतने सारे पेपर क्यों पड़े हैं?'

'भई, ये नगर निगम के इश्तहार हैं. इनमें आम जनता से अपील की गयी है कि सड़कों पर गंदगी न फैलायें.'

□ □ □

एक स्त्री अपने पति को झिड़ककर बोली, 'हाय-हाय! मेरी तो किस्मत ही फूट गयी, जो तुमसे विवाह हुआ. मुझे तुमसे अच्छे और ज्यादा अक्लमंद वर मिल रहे थे.'

पति बोला, 'बेशक वे मुझसे ज्यादा अच्छे और अक्लमंद थे. तभी तो तुम्हारे चंगुल में नहीं फंसे.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3147



**बायें से दायें:-**

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी ऑखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3146



## सूडोकु -3147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3146 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 3147




**बाएँ से दाएँ**

1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**

1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

शब्द पहेली -3146का हल



# 10 हजार किलो नकली तंबाकू के साथ 6 अरेस्ट

## दिल्ली में बनाकर कर्नाटक और केरल में थी सप्लाई; आलू की बोरियों की लेते थे आड़

एजेंसी

नोएडा। स्वाट-2 टीम व थाना सेक्टर-126 पुलिस ने संयुक्त रूप से अंतरराज्यीय प्रतिबंधित राज्यों में नकली तम्बाकू की तस्करी करने वाले 06 तस्करों को जेपी कट पुश्ता रोड से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 138 बोरों में करीब 10 हजार किलो नकली तंबाकू बरामद किया गया।



ये लोग आलू की बोरियों की आड़ लेकर नकली तंबाकू की सप्लाई करते थे। जिस ट्रक को पकड़ा गया उसमें 16 बोरी आलू भी मिला जिससे इन लोगों ने तंबाकू की बोरियों को ढका था। पुलिस ने एक ट्रक और एक मारुति XL6 के साथ 61,560 रुपए बरामद किए है।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि ये तंबाकू प्रतिबंधित राज्यों जैसे केरल और कर्नाटक में सप्लाई किया जाता था। इसलिए इस तंबाकू को दो गुना रेट पर ब्लैक किया जाता था। पकड़े गए तंबाकू की लागत करीब 2 करोड़ रुपए है।

गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान मनोज निवासी प्रतापगढ उप्र, रमेश भट्टी निवासी बैंगलोर, सैय्यद जबी उल्ला निवासी बंगलौर राज्य कर्नाटक, परम निवासी वजीराबाद दिल्ली, शिवम जैसवाल जिला प्रतापगढ़ और जाकिर हुसैन निवासी बंगलौर (कर्नाटक) को गिरफ्तार किया गया।

### तीन गुना दाम पर बेचते थे नकली तंबाकू

पूछताछ में इन तस्करों ने बताया कि नकली तम्बाकू को विकास उर्फ चाचा निवासी जगतपुर दिल्ली से खरीदकर ऐसे राज्यों में ले जाकर बेचे है।

जहां पर तम्बाकू की बिक्री प्रतिबंधित है। इस प्रकार से तम्बाकू को लगभग 03 गुना कीमत में बेचा जाता है। डीसीपी ने बताया कि साउथ में हंस छाप तंबाकू बड़ा ब्रांड है।

इसलिए ये लोग इस ब्रांड की नकली रैपिंग का प्रयोग करते थे।

### दिल्ली के वजीराबाद में थी फैक्ट्री

डीसीपी ने बताया कि ये लोग दिल्ली के वजीराबाद के इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में नकली तंबाकू बनाते थे।

उन्होंने बताया कि असली तंबाकू में कई प्रकार के केमिकल डाले जाते है लेकिन ये चूने से तंबाकू बनाकर उसे ब्रांडेड कंपनी के नकली रैपिंग में भरकर तस्करी करते थे।




### कापी राइट एक्ट के तहत भी कार्यवाही

एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि केरल में कंपनी हंस छाप ब्रांड ने कापी राइट करवा रखा है। इसलिए तस्करों पर कॉपी राइट एक्ट के तहत भी कार्यवाही की जा रही है। खास बात ये है कि ट्रक के साथ एक कार भी चलती थी। ये कार नेविगेशन का काम करती थी। रास्ते में कोई बाधा या चेकिंग की जानकारी ट्रक ड्राइवर को बताती थी। ताकि ये सावधानी से वहां से ट्रक को पास कर सके।

## युवती से झगड़ा होने के बाद युवक ने पखें से लटककर की आत्महत्या

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में सह सहमति में रहने वाले एक युवक में सोमवार को पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। गौर सिटी सोसाइटी की पांचवी एवेन्यू में जे टावर के फ्लैट नंबर 581 में रहने वाले प्रशांत पांडे एक युवती के साथ सह सहमति में रहते थे। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह प्रशांत का युवती से झगड़ा हुआ था। सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड कहते हैं कि उनके साथ रह रही युवती यह कह कर गई थी कि प्रशांत पांडे जान देने की धमकी दे रहा है लेकिन इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। सोमवार की देर रात लोगों को जानकारी हुई की प्रशांत ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना बिसरख के प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि प्रशांत पांडे एक निजी फैक्ट्री में काम करते थे। दो महीने पहले ही सोसाइटी में किराए पर फ्लैट लिया था। फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद था।

# मेट्रो पिलर के पास खड़े डंपर में लगी आग

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार दोपहर को एक डंपर में आग लग गई। जिस समय आग लगी डंपर सलारपुर मेट्रो पिलर नंबर-76 के के सामने खड़ा था। हादसे में चालक और परिचालक दोनों सुरक्षित है। ट्रक खड़ा था इसलिए यातायात बाधित नहीं हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझा दिया गया। सीएफओ ने बताया कि आग ट्रक के इंजन में लगी। इसके बाद केबिन में फेल गई। ग़नीमत रही कि केबिन खाली था। आग डीजल टैंक तक नहीं पहुंच सकी। इससे पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। हो सकता है किसी जलती हुई चीज से आग लगी हो। बता दे गर्मी बढ़ने के साथ सड़क पर गाड़ियों में आग लगने के मामले बढ़ने लगे है। बीते तीन से चार दिनों में ट्रक से लेकर कई कारों में आग लगनी घटनाएं हो चुकी है।

# चेकिंग के दौरान 4.97 लाख कैश पकड़ा

## नोएडा में कार चालक नहीं दे पाया धनराशि का ब्योरा, आयकर विभाग को दी जानकारी

**नोएडा।** नोएडा में चुनाव सरगर्मी बढ़ने के साथ यहां कैश पकड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार रात को चेकिंग के दौरान एक कार को रोका गया। कार में रखे बैग से 4 लाख 97 हजार 500 रुपए कैश मिला। इसका बिल या हिसाब पूछने पर चालक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस और एसएसटी टीम ने आयकर विभाग को इसकी जानकारी दी। इसके बाद रकम को मालखाने में रखवा दिया गया है। दरअसल थाना सेक्टर-58 पुलिस



और एसएसटी टीम एनआईबी कट सेक्टर-62 के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दिल्ली की ओर से नोएडा में प्रवेश कर रही गाड़ी नंबर यूपी-14 डीजी 7040 इको स्पोर्ट्स कार को चेकिंग के रोका गया। संदिग्ध होने पर कार की तलाशी ली गई। इसमें से 4 लाख 97 हजार 500 रुपए कैश मिला। ये कार माखनजीत सिंह अरोड़ा चला रहे थे। माखन जीत सिंह लैंड ग्राफ गोल्फ लिंक रोड पांडव नगर गाजियाबाद के रहने वाले है। पुलिस और एसएसटी की टीम रकम का बिल और साक्ष्य मांगे लेकिन वो बताने में असमर्थ दिखे। पुलिस ने पैसों को जब्त कर आयकर विभाग को जानकारी दी। बता दे नोएडा-ग्रेटरनोएडा के जो बार्डर दिल्ली और हरियाणा के नजदीक है उन हाइवे पर लगातार एसएसटी और पुलिस टीम के जरिए लगातार कैश पकड़ा जा रहा है। जिसको लेकर नोएडा में सक्रियता बढ़ा दी गई है। क्योंकि यहां दूसरे फेज में चुनाव है और दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब राज्यों से आने वाले वाहन यूपी में प्रवेश के लिए नोएडा बार्डर से ही होकर जाते है।

# मायावती 22 को गृह जनपद नोएडा में करेंगी रैली

बसपा सुप्रीमो मायावती के गृह क्षेत्र में भतीजे आनंद की जनसभा के बाद अब बुआ की जनसभा की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 22 अप्रैल को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जनसभा का कार्यक्रम तय हो गया है। हालांकि, मायावती की जनसभा स्थल को लेकर फिलहाल रस्साकशी चल रही है।



गौतमबुद्ध नगर जिला संगठन जेवर क्षेत्र में और बुलंदशहर संगठन सिकंदराबाद में जनसभा कराना चाहता है। संगठन शीघ्र ही रैली स्थल तय करने की बात कह रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती लंबे समय के बाद जिले में आ रही हैं। इस बार उनके लिए यह चुनाव खास है। बीते लोकसभा चुनाव में वह सपा के साथ गठबंधन कर सियासी रण में उतरी थी। इस बार वह अकेले ही मैदान में हैं और उनके कई पुराने साथी भी साथ छोड़कर अन्य दलों का दामन थाम चुके हैं। अपने गृहनगर में ही बसपा सुप्रीमो के पास पार्टी का एक भी जनप्रतिनिधि नहीं है, जबकि दस साल पहले तक यहां पर बसपा का वर्चस्व था।

बसपा के जिलाध्यक्ष नरेश गौतम ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो की 22 अप्रैल को जनसभा होनी है।

रैली स्थल जेवर या सिकंदराबाद में से एक रहेगा, इसको लेकर चर्चा जारी है और शीघ्र ही रैली स्थल तय कर दिया जाएगा।

### भतीजे आकाश की एक दिन पहले हुई जनसभा

बसपा सुप्रीमो मायावती के राजनीतिक उत्तराधिकारी और उनके भतीजे आकाश आनंद ने रविवार को अपनी गृह लोकसभा में पहली जनसभा को संबोधित किया। यह उनकी अपने गृहनगर की लोकसभा में हुई पहली जनसभा थी। आकाश के संबोधन और तेवरों को सभी ने सराहा है। बसपा के युवराज बने आकाश आनंद का जन्म नोएडा में ही हुआ है और वह यहीं पर पढ़े-लिखे हैं। अब बसपा के तीसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की राह पर हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में 3 दिन बारिश की चेतावनी

पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ की दस्तक से दिल्ली एनसीआर के विभिन्न इलाकों में भी मौसम बदलने वाला है। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में हल्के बादलों की आवाजाही देखी जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में लगातार तीन दिन मौसम खराब रहेगा। दिल्ली एनसीआर में लगातार तीन दिन छिटपुट रूप से हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखी जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग के मुताबिक, मौजूदा वक्त में एक ट्रफ उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश से दक्षिण तमिलनाडु तक देखी जा रही है। यही नहीं उत्तर पूर्वी असम पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। यही नहीं एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 12 अप्रैल से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों पर दस्तक देने वाला हैं। इसके प्रभाव से 10 से 12 अप्रैल के दौरान जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट रूप से हल्की बारिश या बर्फबारी देखी जा सकती है।

# गाजियाबाद में ट्रक-ऑटो की टक्कर, दो महिलाओं की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र में ऑटो और ट्रक की भिड़ंत हो गई। इस दौरान थ्री व्हीलर में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं थ्री व्हीलर का चालक और एक अन्य महिला घायल हुई है। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया। गाजियाबाद में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया की थाना ट्रोनिका सिटी के डूंगरावली गांव की रहने वाली महिलाएं रजनी, बबीता और रीता थ्री व्हीलर से लोनी जा रही थी। मोहम्मद अजीज नाम के टेंपो चालक के टेंपो में यह तीनों महिलाएं जा रही थीं। रीता पीलिया से पीड़ित है और वैध के पास दवाई पिलाने के लिए उसको ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ऑटो जैसे ही गांव गढ़ी के सामने पहुंचा तो एक ट्रक चालक जो ट्रक को तेजी और लापरवाही से चला रहा था उसने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बबीता 45 और रजनी 60 की मौत हो गई। वहीं रीता 23 और टेंपो चालक मोहम्मद अजीज को दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया है। ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया है।

## 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-20 पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में लंबे समय से वांछित चल रहे बदमाश को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट के पास से दबोचे गए आरोपी के पास से तमंचा बरामद हुआ। इनामी बदमाश की पहचान दिल्ली के कल्याणपुरी निवासी निशांत कुमार के रूप में हुई है। लंबे समय से फरार रहने के चलते पुलिस ने कुछ समय पहले निशांत पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। उसके खिलाफ लूट और चोरी के आठ मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

# पांच लाख लेकर फर्जी तरीके से कर दी जमीन आवंटित, रिपोर्ट दर्ज

ग्रेटर नोएडा। अधिवक्ता को पांच लाख रुपये लेकर फर्जी तरीके से प्लॉट आवंटन करने के मामले में अदालत के आदेश पर सर्वोत्तम मेगापोलिस टाउनशिप के सीईओ सहित छह लोगों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि जिस जमीन पर प्लॉट का आवंटन किया गया वहां पर गेहूं की फसल उग रही है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

बोड़ाकी निवासी बलराज सिंह जिला न्यायालय में अधिवक्ता हैं। उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि प्रचार-प्रसार से मिली जानकारी के बाद उन्हें बोड़ाकी में अंसल प्रोजेक्ट के विषय में जानकारी हुई थी। इसके बाद वह 28 जून 2023 को इस प्रोजेक्ट के बिल्डर से थाना सेक्टर-142 क्षेत्र स्थित कार्यालय में मिले। बिल्डर पक्ष ने उन्हें सभी दस्तावेज दिखाए और तुरंत भुगतान पर बैनामा का प्रलोभन दिया।

पीड़ित ने पांच लाख रुपये का भुगतान बिल्डर पक्ष को कर दिया। इसके बाद बिल्डर की ओर से भूखंड की रजिस्ट्री भी कर दी गई। दिसंबर 2023 में जब अधिवक्ता भूखंड पर गए तो देखा कि वहां पर कुछ स्थानीय किसानों ने फसल की बुवाई कर रखी थी। साथ ही स्थानीय किसानों ने बताया कि उन्होंने कोई जमीन बिल्डर को नहीं बेची है। अधिवक्ता जब बिल्डर के कार्यालय गए और अपना पैसा वापस मांगा तो उन्हें धमकाया गया और कहा गया कि अब पैसा हमने ले लिया है। जो करना है कर लो। पीड़ित ने पुलिस से गुहार की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# बुजुर्ग ने बच्ची से किया रेप का प्रयास

## भंडारा खिलाने के बहाने ले गया था साथ; फोन पर दिखाई पोर्न

नोएडा। निठारी गांव में किराये के मकान में रहने वाले 75 साल के बुजुर्ग ने पड़ोस में रहने वाली साढ़े छह साल की मासूम के साथ रेप करने का प्रयास किया। पोर्न दिखाकर बुजुर्ग ने बच्ची को उकसाया। मासूम की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। केस रेप और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम समेत कुल पांच धाराओं में दर्ज हुआ है।

निठारी गांव में रहने वाली महिला ने सेक्टर-20 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार दोपहर 12 बजे के करीब बिहार के दरभंगा का रहने वाला 75 साल सिकंदर सदा उसकी



साढ़े छह साल की बच्ची को भंडारा खिलाने के बहाने गोद में ले गया और रेप करने का प्रयास किया।

बच्ची के शरीर पर घाव और चोट के निशान हैं। मासूम इस कदर परेशान है कि अनजान इंसान को देखते ही रोने लगती है। बच्ची और आरोपी दरभंगा के एक ही गांव के रहने वाले हैं। केस दर्ज होने की जानकारी होते ही आरोपी घर से भाग गया।

### सोशल मीडिया पर मामला आने पर पुलिस ने सुनी गुहार

शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उन्हें काफी देर तक चौकी और थाने के चक्कर कटवाए गए। पुलिस ने घंटों मेडिकल तक नहीं कराया। मामले ने सोशल मीडिया पर जब तूल पकड़ा तब पुलिस ने परिजनों की गुहार सुनी। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मासूम की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश में दबिश जारी है।

## डंडे से वार कर डिलीवरी ब्वॉय की हत्या

नोएडा। छलेरा गांव में मामूली विवाद में युवक ने डिलीवरी ब्वॉय के सिर पर डंडे से वारकर उसकी हत्या कर दी। दोस्तों की सहायता से आरोपी युवक ने शव को घटनास्थल के पास नाले में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सात अप्रैल को डिलीवरी ब्वॉय घर से निकला था।मूलरूप से पश्चिमी बंगाल का रहने वाला स्वरूप कुमार वर्तमान में सर्फाबाद गांव में किराये का कमरा लेकर पत्नी और दो बच्चों के साथ रह रहा था। वह हरौला स्थित एक कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। सात अप्रैल को छलेरा गांव में किराये पर रहने वाले युवक ने इलेक्ट्रिक सामान का ऑर्डर किया था। युवक द्वारा बताए गए स्थान पर स्वरूप कुमार सामान की डिलीवरी करने के लिए पहुंचा।

# सीईओ ने कहा दो दिन में नाले किए जाए साफ

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने डीजीएम सिविल और जन स्वास्थ्य के अधिकारियों के साथ शहर के बाजारों का निरीक्षण किया। वहां साफ-सफाई देखी और निर्देश दिया। सबसे पहले टीम सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र कंप्लैक्स गए। यहां मार्केट की दुकानों की ब्रांड साइनेज रेल कलर के लगाए जाने थे। लेकिन उनको ब्राउन कलर किया गया। जिसे बदलने के लिए कहा गया।

इसके अलावा बाजार में एसोसिएशन की ओर से क्लीनिंग कराई जानी थी। जिसे नहीं कराया गया। युद्ध स्तर पर साफ करने के निर्देश दिए। इसके बाद सेक्टर-37 गोदावरी बाजार, सेक्टर-110 बाजार व वीडीएस बाजार का निरीक्षण किया। वीडीएस और सेक्टर-110 के पास भंगेल से लगे हुए क्षेत्र में गंदगी और टाइल उखड़ी हुई मिली। इसे दो दिनों में ठीक करने और साफ-सफाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। महर्षि आश्रम के के साथ बनी हुई ड्रेन में गंदा पानी जमा हुआ था। जिसको जन स्वास्थ्य और वर्क सर्किल-8 को समुचित समन्वय बनाते हुए दो दिनों में साफ करने का निर्देश दिया। सेक्टर-98 की ड्रेन क्षतिग्रस्त मिली। इसको दोबारा से बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सेक्टर-98 में स्काई मॉर्क के सामने क्योस्क लगाकर फूड जोन बनाया जाए।

# शार्ट न्यूज

## ठेकेदार की गाड़ी से बरामद किए छह लाख

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में दिल्ली वजीराबाद रोड से सोमवार शाम फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने एक ठेकेदार की गाड़ी से छह लाख रुपये पकड़े। वह गोविंदपुरम से भोपुरा की तरफ जा रहे थे। टीम के अधिकारी ठेकेदार को नकदी के साथ शालीमार गार्डन थाने ले गए। वहां पुलिस ने पूछताछ के बाद नकदी को जब्त कर लिया। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड ने चेकिंग के दौरान कार को रोका। शक होने पर गाड़ी की तलाशी ली तो युवक के पास काले रंग के बैग में 6 लाख रुपये की नकदी मिली। टीम ने तुरंत बैग को कब्जे में लेकर युवक से पूछताछ की लेकिन वह काफी घबरा गए। टीम उन्हें तुरंत थाने ले गई। वहां पुलिस और टीम ने नकदी के बारे में पूछताछ की जिसमें कार सवार ने अपना नाम गोविंदपुरम निवासी विपिन गर्ग बताया। विपिन ने कहा कि वह ठेकेदार हैं और भोपुरा में उनका एक साइट पर निर्माणकार्य चल रहा है। वहां मजदूरों को रुपये देने के लिए नकदी लेकर जा रहे थे। टीम ने उनसे नकदी के संबंध में कागजात मांगे जिसे वह दिखा नहीं पाए। इसके बाद पुलिस ने नकदी को जब्त कर लिया। एसीपी के मुताबिक, ठेकेदार को कागजात जमा करने के लिए कहा गया है।

## 13 से 15 अप्रैल तक इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार को नहीं मिलेगा गंगाजल

साहिबाबाद। इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार को 13 से 15 अप्रैल तक गंगाजल की आपूर्ति नहीं होगी। इस दौरान जीडीए अपने संसाधन से एक समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पानी की आपूर्ति करेगा। 16 अप्रैल से गंगाजल की आपूर्ति सुचारु हो सकेगी। जल निगम के अधिशासी अभियंता उन्मेश शुक्ला ने बताया कि सिद्धार्थ विहार स्थित 100 क्यूसेक गंगाजल प्लांट से नोएडा, इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार को आपूर्ति दी जाती है। छिजारसी के पास नोएडा की पेयजल पाइपलाइन में लीकेज की समस्या आ गई है। इसे ठीक करने के लिए 13 से 15 अप्रैल तक प्लांट बंद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन पाइपलाइन से गंगाजल निकाला जाएगा। दूसरे दिन लीकेज पाइपलाइन को ठीक किया जाएगा। तीसरे दिन पाइपलाइन को जांच कर 16 अप्रैल को आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। इस दौरान वसुंधरा एवं वैशाली के लोगों को गंगाजल मिलता रहेगा। उन्मेश शुक्ला ने बताया कि जिस लाइन में लीकेज हुआ है उस लाइन से इंदिरापुरम, सिद्धार्थ विहार और नोएडा को गंगाजल सप्लाई की जाती थी।

## युवक का शव पेड़ के फंदे से लटका मिला

लोनी। ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के बदरपुर गांव में मंगलवार सुबह पूजा कॉलोनी निवासी सर्वेश चंद्र वर्मा का शव फंदे से लटका मिला। शनिवार रात मृतक ने अपनी पत्नी को फोन कर आत्महत्या करने जाने की बात कही थी। परिजन रात भर मृतक की तलाश करते रहे लेकिन वह नहीं मिला। मूलरूप से फर्रुखाबाद में रहने वाले सर्वेश चंद्र वर्मा(40) परिवार के साथ लोनी के पूजा कॉलोनी मंगल बाजार में रहते थे। वह बाजारों में कचौरी बेचने का काम करते थे। रविवार रात सर्वेश चंद्र वर्मा ने अपने घर फोन किया। उसने परिजनों को बताया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। फोन करने के दौरान वह नशे में था। यह कहकर सर्वेश चंद्र वर्मा ने फोन काट दिया। फोन आने पर परिजन पास की पुलिस चौकी पहुंचे। यहां परिजन सर्वेश के फोन की लोकेशन लेकर उसे तलाश करने लगे। लेकिन सर्वेश लोकेशन पर नहीं मिला। परिजन रात भर सर्वेश को तलाश करते रहे। सोमवार सुबह बदरपुर गांव के एक पेड़ पर एक युवक का शव मिला। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे ऊतारा। मृतक की पहचान सर्वेश चंद्र वर्मा के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

## पिटबुल ने किया बच्चे पर हमला

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कौशांबी क्षेत्र के वैशाली सेक्टर 3 में 32 मीटर रोड पर बने फ्लैटों में रहने एक 15 साल के बच्चे पर पिटबुल ने हमला कर दिया। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि बच्चा किस तरीके से अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि पड़ोसी भी डर की वजह से बच्चे की मदद नहीं कर पा रहे हैं। इसकी सूचना जब नगर निगम को दी गई तो नगर निगम इस डॉग को अपने साथ ले गया है। वहीं बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है। गाजियाबाद के थाना कौशांबी के वैशाली सेक्टर 3 में 32 मीटर रोड पर फ्लैट में रहने वाले कमलेश सिंह बताते हैं कि जिस बच्चे पर डॉग ने हमला किया है उसका नाम अल्ताफ है। उसकी उम्र करीब 15 साल है। जिस फैमिली का यह पेट् डॉग है वह कुछ दिन पहले ही यहां किराए पर आया है। हालांकि कमलेश सिंह का दावा है कि समिति के कोषाध्यक्ष ने इस परिवार को चेतावनी दी थी कि इस तरह की प्रजाति का कुत्ता रखना यहां मान्य नहीं है। आज समिति के लोग इस डॉग का रजिस्ट्रेशन देखने वाले थे लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया बच्चों की हालत गंभीर है। वहीं स्थानीय पुलिस के मुताबिक अब तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं आई है।

## ढाबे के बाहर युवक को लात से पीटा

नोएडा। नोएडा के ढाबे में खाने के रुपए के लेन देने को लेकर हुए विवाद में दो कर्मचारियों ने मालिक के कहने पर युवक की लात और घूसे से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में दो व्यक्ति एक युवक को बीच सड़क पर पीटते हुए दिख रहे हैं। बचने के लिए पीड़ित युवक भागने की कोशिश करता है पर दोनों व्यक्ति उसे पकड़कर लगातार पीटते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में घटनास्थल पर भीड़ जमा है। लोग आरोपियों को रोकने का प्रयास भी कर रहे हैं। वायरल वीडियो में यूजर ने कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को टैग करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए फेज तीन पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। फेज तीन थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार शाम को मामूरा स्थित एक ढाबे पर एक युवक खाना खाने के लिए आया था। वह शराब के नशे में था। खाना खाने के बाद युवक ने खाने के रुपए नहीं दिए। इसके साथ ही ढाबा संचालक से अभद्रता और मारपीट करने लगा। जिसके बाद हुए विवाद में ढाबा के कर्मचारियों से उसकी मारपीट हो गई। मालिक के कहने पर ढाबे पर काम करने वाले दो कर्मचारियों ने युवक को जमकर पीटा। घटना के बाद युवक वहां से चला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में वायरल हुए वीडियो की जांच के बाद आरोपी ढ़ाबा संचालक यश को गिरफ्तार कर लिया गया है। वीडियो में मारपीट करते दिखे दोनों युवकों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## ग्रेटर नोएडा के कासना थाने में लगी आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में आज आग का तांडव देखने को मिला। जहां कासना थाने में आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद आग थाने के अंदर तक पहुंच गई और उसने कोतवाल के दफ्तर को भी अपनी आगोश में ले लिया। इस दौरान आसपास खड़ी हुई मोटरसाइकिल भी जलकर राख हो गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जैसे-जैसे गर्मी का सितम बढ़ रही है वैसे ही लगातार आग की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। ताजा मामला ग्रेटर नोएडा के कासना थाने का है, जहां पर थाने के बराबर में लगे हुए ट्रांसफार्मर में अचानक से आग लग गई। यह आग इतनी जबरदस्ती की ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद पास में खड़ी हुई बाइकों भी अपनी आगोश में ले लिया। इनमें काफी ऐसी मोटरसाइकिल थी जो की माल खाने में खड़ी हुई थी और कुछ मोटरसाइकिल पुलिसकर्मियों की थी। उसके बाद यह आग कासना थाना प्रभारी के केबिन में भी लग गई और आग लगातार बढ़ती हुई चली गई। थाने में आग लगते ही चारों तरफ अफरा तफरी मच गई । जिस समय यह आग लगी ,उस समय कासना थाना प्रभारी अपने केबिन में ही पुलिसकर्मियों के साथ बैठे हुए थे। आग लगता ही वह और उनका स्टाफ तत्काल प्रभाव से बाहर निकलकर भागा और आग बुझाने में जुट गए इसके बाद इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना के बाद दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक कोतवाली के आसपास खड़ी हुई करीब चार दर्जन मोटरसाइकिल जलकर स्वभाव हो गई।

# प्रतापगढ़ में ट्रक ने बस को मारी टक्कर, तीन की मौत

## 24 गंभीर रूप से घायल, 12 प्रयागराज रेफर

**प्रतापगढ़ ।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के हथिगंवा क्षेत्र में बीती रात निजी बस और ट्रक की भिड़ंतमें तीन श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी जबकि 24 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी हताहत विंध्याचल धाम में मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिये उन्नाव जिले से जा रहे थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुये हादसे पर गहरा दुख जताया है और मृतक आश्रितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होने अधिकारियों से घायलों के समुचित इलाज के इंतजाम करने के निर्देश दिये है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर सोमवार और मंगलवार की रात यह हादसा उस समय हुआ जब फूलमती गांव के पास ट्रक का टायर तेज आवाज के साथ पंचर हो गया और अनियंत्रित ट्रक ने विपरीत दिशा से जा रही निजी बस में टक्कर मार दी। बस पर करीब 50 यात्री सवार थे। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घायलों को निकाला और इलाज के लिए सीएचसी कुंडा भेजवाया गया जहां से गंभीर रूप से घायल 10 श्रद्धालुओ को प्रयागराज के स्वरुपरानी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

क्षेत्राधिकारी कुंडा अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों में कृष्ण कुमार (50), संध्या देवी (12) और बासू लोधी शामिल है।

सभी उन्नाव के निवासी है। ट्रक व बस को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रक का चालक फरार हो गया है।

## लेबर-हेड की ईंट से पीट-पीट कर हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लिंक रोड क्षेत्र में निर्माणाधीन फैक्ट्री में एक मजदूर ने लेबर हेड की ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है पुलिस जांच में अभी तक सामने आया है कि खर्चे के पैसे को लेकर दोनों में विवाद हुआ और फिर आरोपी ने लेबर हेड पर ईंटों से हमला बोल दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद में एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को जानकारी मिली की थाना लिंक रोड के साइट-4 इलाके में एक निर्माणाधीन फैक्ट्री की छत पर एक शव पड़ा है। मौके पर स्थानीय पुलिस और फील्ड यूनिट पहुंची। पता चला कि शव 25 साल के तनवीर का है जो उत्तर प्रदेश के शामली का रहने वाला है।

# चित्रकूट में हत्या का दोषी पति गिरफ्तार

चित्रकूट । उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले की अदालत ने 11 माह पूर्व कुल्हाड़ी से गला काटकर पत्नी की हत्या करने वाले शख्स को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि दोष सिद्ध होने के बाद हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा 10 हजार रुपये जुर्माने के अर्थदंड से भी दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के शेषा सुबकरा गांव में लगभग 11 माह पूर्व हुई इस घटना के मामले में मृतका के पिता राजापुर थाने के रगौली गांव के निवासी विफई निषाद ने मऊ थाने में पांच मई 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि उसकी बेटी श्यामवती को दामाद शेषा सुबकरा निवासी लालचंद्र ने जान से मार दिया। वादी के अनुसार हत्यारोपी ने श्यामपति की गर्दन में कुल्हाड़ी से कई वार किए और उसे मौत के घाट उतारने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी पति लालचंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# नाबालिग मॉडल से गैंगरेप करने वाले अरेस्ट

मुरादाबाद। नाबालिग मॉडल से चलती कार में गैंगरेप करने वाले तीनों आरोपियों को मुरादाबाद पुलिस ने अरेस्ट किया है। तीनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के साथ कोर्ट में उसके बयान दर्ज कराए हैं।

संभल जिले में चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली पीड़िता ने मुरादाबाद सिटी कोतवाली में मंगलवार को घटना की एफआईआर दर्ज कराई थी।

पीड़िता ने अपनी एफआईआर में कहा था कि वो मॉडलिंग इवेंट के सिलसिले में 5 अप्रैल को जयपुर गई थी।

6 अप्रैल को वापस दिल्ली आई और मुरादाबाद के लिए वाहन का वेट कर रही थी। तभी आरोपी उसे मिले और लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठा लिया। रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देने के बाद तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद मुरादाबाद में स्टेशन रोड के एक होटल में उसे छोड़कर भाग गए।

मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया था। मामले में नामजद तीनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया गया है।

जिन तीन आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट किया है उनमें भरत सिंह पुत्र मान सिंह निवासी लाल कुआं वेव सिटी ग्रामीण गाजियाबाद, अनिल पुत्र अग्गन निवासी लाल क्वार्टर सिहानी गेट गाजियाबाद और सोनू पुत्र बसीर निवासी पुराना बस अड्डा सिहानी गेट गाजियाबाद शामिल है। इन तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# रामपुर में तीन साल की बच्ची की हत्या

## दोनों पैर कटे थे, हाथ रस्सी से बंधे थे, कट्टे में मिला शव, गांव के 5 लोग हिरासत में

बिलासपुर। रामपुर में तीन साल की बच्ची की निर्मम हत्या कर दी गई। बच्ची रविवार सुबह से गायब थी। मंगलवार सुबह 9 बजे बच्ची का शव गांव के ही एक खाली प्लाट में कट्टे में मिला है। बच्ची के दोनों पैर कटे थे। वहीं दोनों हाथ एक रस्सी से बंधे थे। चेहरे पर पालिथीन ढकी थी। परिवार ने बच्ची की निर्मम हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मामले में गांव के पांच लोगों को हिरासत में लिया है।

मामला बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के धावनी हसनपुर गांव का है। गांव के दानिश की 3 वर्षीय बेटी अनायजा रविवार सुबह 10 बजे घर के बाहर से खेलते हुए लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन बच्ची



का पता नहीं लगा इसके बाद परिजनों ने बिलासपुर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बिलासपुर पुलिस ने काफी तलाश की, लेकिन बच्ची की कोई पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह सवा नौ बजे गांव की कुछ महिलाएं खाली पड़े प्लाट में कूड़ा डालने गई तो, वहां एक बंद कट्टे में कुछ पड़ा दिखा। पास जाकर देखा तो उसमें किसी की लाश थी। लाश को देखकर उनके होश उड़ गए।

### दोनों पैर कटे थे, दोनों हाथ रस्सी से बंधे थे

इसके बाद पुलिस को सुचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कट्टे को खोलकर देखा तो उसमें एक बच्ची की लाश थी।

जिसके दोनों पैर कटे थे। वहीं दोनों हाथ एक रस्सी से बंधे थे। चेहरे पर पालिथीन ढकी थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त अनायजा नूर के रूप में की। सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और परिजन भी रोते-बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए।

### एक ही परिवार के पांच लोगों को लिया हिरासत में

थोड़ी ही देर बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर व प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और कट्टे में बंद पड़े शव को निकाला और अपने कब्जे में कर लिया। वहीं पुलिस ने मासूम के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा दिया। उधर पुलिस ने गांव के ही रहने वाले एक ही परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### प्रेम प्रसंग सहित कई पहलू को लेकर की जा रही जांच

मृतका के घर के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा थी। घटना के बाद डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम तथा एसपी राजेश द्विवेदी ने घटनास्थल स्थल पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। वहीं प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने एक ही परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है।

# 5 हजार रुपए के लिए हुई थी आदित्य की हत्या

## हत्यारोपियों ने कॉल करके बुलाया, रुपए मांगने पर झगड़ा हुआ, फिर मार दी गोली



**सहारनपुर।** सहारनपुर में 12वीं के छात्र की 5 हजार रुपए के लिए गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जबकि एक अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। छात्र के दो गोलियां मारी गई है। पुलिस जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करेगी। मामला थाना नकुड़ के गांव सहसपुर जट्ट का है।

### घर से एक किलोमीटर दूर मिला शव

थाना नकुड़ के गांव सहसपुर जट्ट के रहने वाले आदित्य पुत्र जोगिंदर का शव घर से एक किलोमीटर दूर एक खंडहर के पास पड़ा मिला था। युवक के सीने पर दो गोलियां लगी हुई थी। युवक छह अप्रैल की देर शाम को घर से निकला था। मोबाइल पर किसी के कॉल आई थी। तभी एक बाइक पर बैठकर आदित्य निकल गया था।

### कॉल डिटेल से संदिग्धों को हिरासत में लिया

शाम तक उसका पता नहीं चला। लेकिन अगले दिन शव एक खंडहर के पास पड़ा मिला था। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर एक युवक को उसी दिन हिरासत में ले लिया था। उसने पूछताछ में दो युवकों के ओर नाम बताए।

पुलिस अभी तक दो युवकों को हिरासत में ले रखा है। अभी एक हत्यारोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है पुलिस जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करेगी।

### उधार के 5 हजार रुपए के कारण हुई हत्या

पुलिस की जांच में अभी तक सामने आया है कि हत्यारोपी खंडहल के पास शराब पी रहे थे। एक युवक के आदित्य पर 5 हजार रुपए थे। शराब पीने के बाद तीनों ने उसे कॉल करके बुलाया। एक युवक उसे बाइक पर लेने के लिए पहुंचा था। शराब के नशे में हत्यारोपी ने अपने 5 हजार रुपए मांगे। इसके बाद दोनों में विवाद हो गया। विवाद होने पर हत्यारोपियों ने पहले उसके साथ मारपीट की। उसके बाद उसके सीने में एक के बाद एक गोली मारी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। हत्यारोपी शव को छोड़कर फरार हो गए थे। एसपी देहात सागर जैन ने बताया, जिस जगह युवक का शव मिला है। वहां पर उसका मोबाइल नहीं मिला है। कॉल डिटेल में जिन नंबरों की कॉल डिटेल निकाली गई। उसके बाद उनकी लोकशन को ट्रेस किया गया। हत्यारोपी के मोबाइल की लोकेशन घटना स्थल पर पाई गई। जिसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। अभी तक दो युवकों को हिरासत में ले रखा है। एक युवक फरार है। जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। हत्याकांड का खुलासा भी कर दिया जाएगा।

## अज्ञात कारणों से गांव में लगी भीषण आग

**बहराइच।** मिहिपुरवा इलाके के मझरा गांव में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप ले लिए अग्निकांड के तीस ग्रामीणों के मकान राख के ढेर में तब्दील हो गए। आग से लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। एसडीएम और तहसीलदार ने मौके पर पहुंच जायजा लिया है। तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत मंझरा के मिर्जवनपुरवा में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे 30 ग्रामीणों के मकान पूरी तरह जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गए। आग लगने से नकदी, कपड़ा, बर्तन और जेवरात पूरी तरह जल गए। ग्राम प्रधान की सूचना पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार व नायब तहसीलदार अर्सलान रसीद एव राजस्व कर्मी पहुंचे। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम आग बुझाने में लगी हुई है। नायब तहसीलदार ने बताया कि सर्वे कराया जा रहा है कितना नुकसान हुआ इसका आकलन कर पीड़ितों को सरकारी अनुदान दिलवाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पीड़ित घर स्वामियों को राशन एवं तिरपाल की व्यवस्था कराई जा रही है।

# अलीगढ़ में पकड़ी गई तमंचा फैक्ट्री

## क्वार्सी पुलिस और एसओजी ने की कार्रवाई



**अलीगढ़।** अलीगढ़ की क्वार्सी थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों की एक फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। आरोपी चोरी छुपे अवैध हथियार तैयार कर रहे थे, जिसके बाद इसकी सप्लाई अलीगढ़ और आसपास के क्षेत्र में की जाती थी। पुलिस को मुखबिर के जरिए अवैध हथियार फैक्ट्री की सूचना मिली थी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रामघाट रोड में दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने नव निर्मित कालोनी में छापेमारी की। जिसके बाद मौके से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और हथियार बनाने का सामान भी बरामद हुआ है। अब आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### खंडहर में चल रही थी फैक्ट्री

सीओ थर्ड एएसपी अमृत जैन ने बताया कि लोकसभा चुनावों के चलते पुलिस इन दिनों पूरी तरह से चौकन्ना है। जब उन्हें अवैध हथियार फैक्ट्री की सूचना मिली तो स्वॉट और क्षेत्रिय पुलिस की टीम तत्काल गठित की गई। रामघाट रोड पर नवनिर्मित कालोनी में इसकी लोकेशन मिली थी। पुलिस टीम देर रात लगभग 11: 30 बजे मौके पर पहुंची और आरोपियों को चारो ओर से घेर लिया। यहां खंडहर नुमा भवन के अंदर यह सारा सिस्टम चल रहा था और अंदर आरोपी हथियार बनाने का काम कर रहे थे। दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया



**ललितपुर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत बानपुर पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ किया गया फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत थाना बालाबेहट पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ किया गया फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन। क्षेत्र के क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों पर फ्लैग मार्च कर जनता को कराया सुरक्षा का अहसास मिश्रित आबादी/संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु किया गया जागरूक।

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत थाना बानपुर पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ किया गया फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन तथा थाना बालाबेहट पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ किया गया , कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए थाना बानपुर व थाना बालाबेहट क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया ।

फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्र एवं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आम जनता से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई।

## कारोबारी से पुलिस ने 50 लाख लूटे

**गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। चेकिंग के दौरान 3 अप्रैल को कोतवाली थाना की बेनीगंज पुलिस ने एक व्यक्ति के पास 50 लाख रुपए बरामद किए। चौकी इंचार्ज आलोक सिंह ने 50 लाख रुपए अपने पास रख लिए। रुपए लेकर नौतनवा जा रहे युवक ने अपने पैसे मांगे तो पुलिस वालों ने उसे एनकाउंटर करने की धमकी देकर भगा दिया। मामला स्स्क डॉ. गौरव ग्रोवर के संज्ञान में आया तो उन्होंने बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह को सस्पेंड कर दिया। पहले सूचना आई थी कि पुलिस ने 85 लाख रुपए पकड़े और 35 लाख रुपए लौटाकर 50 लाख अपने पास रख लिए। हालांकि बाद में पीड़ित युवक ने तहरीर में 50 लाख रुपए ही खुद के पास होने का जिक्र किया। एसएसपी ने बताया कि पीड़ित नवीन श्रीवास्तव की तहरीर पर कोतवाली थाने में चौकी इंचार्ज आलोक सिंह और उसके साथी प्रिंस श्रीवास्तव समेत 3 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

# गशत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को चैलेंज के रूप में लेकर पूरी क्षमता के साथ तैयारी कराएं : जिलाधिकारी

**ललितपुर।** कमी दिखाने पर तत्काल दुरुस्त कर अवगत कराने के निर्देश। क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर निगरानी करें जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान दिवस पर सम्भावित भीषण गर्मी के दृष्टिगत मतदाताओं को गर्मी के बचाव हेतु कमरों अथवा वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी ने जोनल संख्या 02-महरौनी के अन्तर्गत सेक्टर सं0 10 के ग्राम सिलावन, बारयो, सुकाड़ी, चिरौला, समोगर व जरया के मतदान स्थलों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 1- प्राथमिक विद्यालय, सिलावन, 2- पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सिलावन, 3- प्राथमिक विद्यालय, बारयो, 4- प्राथमिक विद्यालय, चिरौला, 5- संवेलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय, सुकाड़ी, 6-कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, जरया, 7-संवीलियन पूर्व माध्यमिक विद्यालय, समोगर में बने मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 20 मई को शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य चेलेंज के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ तैयारियों में लग जाएं, किसी भी स्तर पर कमी दिखने पर तत्काल उसे दुरुस्त कराकर अवगत कराएं, एक भी मतदेय स्थल ऐसा न हो जहां कोई असुविधा की संभावना रहे। समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों की निगरानी करें, साथ ही क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर पुलिस बल तैनात रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ी जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाताओं के सुचारु आवागमन हेतु मार्ग ठीक कराया जाये तथा मतदेय स्थल पर मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की जाय।

## शार्ट न्यूज

### जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी का पुनर्गठन

ललितपुर। चुनाव अवधि में प्रत्याशियों को विज्ञापन प्रकाशन हेतु समिति से लेनी होगी अनुमति पंख सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी का गठन किया गया था, उक्त समिति में अपरिहार्य कारणों से आदेश को अवक्रमित करते हुए उन्होंने एमसीएमसी का पुनर्गठन किया है। समिति के अध्यक्ष जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी, सदस्यगण उप जिलाधिकारी, ललितपुर/सहायक रिटर्निंग आफीसर चन्द्रभूषण प्रताप, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल, प्रिंट मीडिया से मान्यता प्राप्त पत्रकार विनीत चतुर्वेदी, संवाददाता, दैनिक जनप्रिय, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया से मान्यता प्राप्त पत्रकार अभय श्रीमाली, संवाददाता, न्यूज 18 चैनल एवं सदस्य सचिव सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह को नामित किया गया है।

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

ललितपुर। पाली , लोकसभा चुनाव में कच्ची एवं अवैध शराब के कारोबार को पूर्णतः नष्ट करने एवं अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन पुलिस विभाग को लगातार छापामार कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह पर्यवेक्षण में लोक सभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना पाली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त मुलायम पुत्र रबूदे निवासी ग्राम सिमरधा थाना पाली के कब्जे से 30 ली. अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियुक्त के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 60(1) Ex Act में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 सुरेश कुमार चतुर्वेदी हे.का. राजकुमार आदि शामिल रहे।

### गाजियाबाद में रिटायर्ड नायक सूबेदार गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच ने बुलंदशहर के रहने वाले रिटायर्ड आर्मी से नायक सूबेदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह अपने गिरोह के साथ जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनाया करता था। साथ ही उनका रेनयूबेल भी करवाता था पुलिस ने इसके कब्जे से 8 असलाह बरामद किए है। गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद राय ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने बुलंदशहर निवासी प्रवेंद्र को गिरफ्तार किया। प्रवेंद्र सेना से रिटायर नायक सूबेदार है। क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है की प्रवेंद्र अपने गिरोह के साथ मिलकर लोगों के जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनवाया करता था। साथ ही जब उनका समय पूरा हो जाता था तो उनके रिन्यू भी करवाया करता था। ऐसे ही आठ हथियार उसके पास रिन्यू के लिए थे जिनको पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है की 2012 में हिमाचल प्रदेश में पोस्टिंग के दौरान प्रवेंद्र अमित और किशन के संपर्क में आया था और तभी से उसने इस काम को शुरू कर दिया था। यह लोग पिस्तौल का लाइसेंस बनवाने के लिए 80000 तो राइफल का लाइसेंस बनवाने के लिए 90000 रुपए लिया करते थे।

### उन्नाव में कई जगह फसलों में लगी आग

**उन्नाव।** गर्मी में आगजनी की घटनाएं तेजी से शुरू हो गई हैं। पिछले दो दिनों से जिले में अलग-अलग क्षेत्रों के अचलगंज हड़हा, हसनगंज के रसूलपुर बकिया, सदर कोतवाली के तारगांव, सकरन और बीघापुर तहसील क्षेत्र के बिहार में आग से 50 बीघा से ज्यादा गेहूं की फसल राख हो गई। कहीं-कहीं सूचना पर भी दमकल गाड़ी न पहुंचने पर ग्रामीणों ने अपने संसाधन से आग पर काबू पाया। अचलगंज नगर पंचायत स्थित जीआईसी के सामने हड़हा में एचटी लाइन की चिंगारी से आग लग गई। इसमें आनन्द शंकर, सर्वेश कुमार, लल्लू, सुशील बाजपेई व रामेश्वरी की 10 बीघा गेहूं और और पांच पेड़ जलकर राख हो गए। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हसनगंज क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव के लल्लन व रामरानी की गेहूं की फसल आग लग गई। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चला कर आग पर काबू पाया। आग से तीन बीघा फसल राख हो गई। एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जानकारी हुई है, लेखपाल को मौके पर भेज कर नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है ।

### कमरे में लटकता मिला विवाहिता का शव

सोनभद्र। सोनभद्र के शाहगंज थानाक्षेत्र के रैपुरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का साड़ी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। महिला ने चार महीने पहले प्रेम विवाह किया था। मौके पर पहुंची विवाहिता के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शाहगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव की रहने वाली गुंजा पुत्री विवेक वर्मा का रैपुरा गांव के रहने वाले रवि वर्मा के साथ चार महीने पहले प्रेम विवाह हुआ था। गुंजा के घर वालों ने आरोप लगाया कि उसे शादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। देर रात्रि मे संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर ही गुंजा का शव लटकता हुआ मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे जिला अस्पताल मोर्चरी के लिए भेज दिया। मृतका के पिता बृजेश वर्मा ने बताया कि उसका पति अक्सर मेरी बेटी को मारता है उसी ने ही मेरी बेटी को मारा है। शाहगंज पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। मृतका की बड़ी बहन रूपा वर्मा ने बताया कि आए दिन मेरी बहन से मारपीट किया करते थे। बीते सोमवार को सुबह 10: 00 बजे उससे बातचीत हुई थी।

### पेट्रोल पंप से चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** पेट्रोल पंप में चोरी कर पुलिस को चुनौती देने वाले तीन शातिर चोरों को स्वाट टीम व सोनहा पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन कर 12 बोर का कट्टा कारतूस व नगदी सहित गिरफ्तार किया है। तीनों चोरों के पास से हेक्सा ब्लेड, जैक राड, पेचकस, चार पहिया वाहन भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह चौधरी ने बताया कि पकड़े गए तीनों अभियुक्त 10 मार्च की रात्रि को ग्राम मलपुरवा भारत पेट्रोल पंप के ऑफिस में रखी अलमारी को तोड़कर 1,04,518 रुपए चोरी कर लिए थे। पंप मालिक ने चोरी के संबंध में मुकदमा भी दर्ज कराया था, जिसके तरत चोरों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी। इधर मुखबिर से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने तीनों चोरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए तीनों अभियुक्तों में कृष्ण मोहन साहनी निवासी मथुरानगर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर, विजय चौहान निवासी बेलसड़ थाना ब्रिजमनगंज जनपद महराजगंज, साजन गौड़ निवासी खेजुरिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं। इनका आपराधिक इतिहास चेक कराया जा रहा है। आसपास के जिलों से भी पुलिस टीम आई हुई है। जानकारी मिला है कि इन्होंने अन्य जगह भी चोरियां की हैं। इसके लिए वेरिफाई कराया जा रहा है।

### जालौन में महिला ने किया सुसाइड

**जालौन।** जालौन में संदिग्ध हालत में एक महिला ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने मामले की जांच करने के बाद मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिचौली की है। यहां के रहने वाली गुड्डी देवी (50) पत्नी समरथ ने सोमवार देर शाम को संदिग्ध परिस्थिति में घर पर अपने कमरे में छत पर पंखे के हुक पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बारे में तब जानकारी मिली, जब बहुत देर तक गुड्डी अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो उसका बेटा छोटू मां को बुलाने गया। कोई आवाज अंदर से नहीं आई, तो दरवाजे की जाली से झांककर उसने कमरे के अंदर देखा तो उसने अपनी मां को फांसी में लटका देख शोर मचाया, जिसे सुनकर पति समरथ व अन्य परिजन आए। घटना की सूचना कुठौंद पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां घटना की जांच करने के बाद शव को फंदे से उतारकर कब्जे में कार्रवाई शुरू की।

## नासा की तैयारी.......चंद्रमा के लिए बनाएगा उसकी अपनी घड़ी

### –अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से सौंपा काम

वाशिंगटन ।अब चंद्रमा की अपनी एक अलग तरह की टाइम जोन होगी जो पूरी तरह से चंद्रमा के भूगोल के ही अनुकूल होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने नासा को चंद्रमा की पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुरूप टाइमकीपिंग की एक क्रांतिकारी पद्धति विकसित करने का काम सौंपा है। इसका मकसद चंद्रमा-केंद्रित समय संदर्भ प्रणाली बनाना है। यह चंद्रमा के कम गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के अनुकूल होगी। यह अनुकूलन जरुरी है, क्योंकि इन गुरुत्वाकर्षण अंतरों के कारण चंद्रमा पर समय थोड़ा तेजी से बीतता है। इससे प्रत्येक दिन 58.7 माइक्रोसेकंड का फर्क आता है, जो खगोलीय गणनाओं के लिए समस्या कारण हो सकता है। नासा के संचार और नेविगेशन प्रमुख केविन कॉगिन्स ने परियोजना के बारे में बताया कि चंद्रमा पर एक परमाणु घड़ी पृथ्वी पर एक घड़ी की तुलना में एक अलग गति से चलेगी। कॉगिन्स ने कहा, यह समझ में आता है कि जब आप चंद्रमा या मंगल जैसे किसी अन्य पिंड पर जाते हैं, तब हर जगह दिल की धड़कन अलग होती है। यह पहल अंतरिक्ष अन्वेषण की उभरती जरूरतों को दर्शाती है। अतीत में, चंद्र मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री पारंपरिक घड़ियों पर निर्भर रहते थे। हालाकि, आधुनिक जीपीएस, उपग्रह प्रौद्योगिकियों और जटिल कंप्यूटर और संचार प्रणालियों के लिए आवश्यक सटीकता के लिए अधिक सटीक टाइमकीपिंग की आवश्यकता होती है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन समन्वित सार्वभौमिक समय (यूटीसी) के अपने उपयोग को बनाए रखेगा, जिसका श्रेय पृथ्वी से इसकी निकटता को जाता है। अंतरिक्ष समय की शुरुआत का निर्धारण एक चुनौती है, जिसका सामना करने के लिए नासा तैयार है। इसके बाद, एजेंसी को समय माप की जटिलताओं को समझना होगा। पृथ्वी पर भी समय में उतार-चढ़ाव हो सकता है, कभी-कभी लीप सेकंड जोड़ने की आवश्यकता होती है।

## सऊदी अरब से पाकिस्तान को झटका....कश्मीर राग में नहीं दिया साथ

सऊदी ।पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में सऊदी अरब जम्मू-कश्मीर पर भारत के रुख का समर्थन करता दिखाई दिया। सऊदी ने भारत और पाकिस्तान से अपने बकाये मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने का आग्रह किया। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच बैठक के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित पीएम शरीफ अपने पहले विदेश दौरे के तहत सऊदी अरब पहुंचे। हालांकि कश्मीर मुद्दे को लेकर सऊदी अरब ने उन्हें झटका दिया है। क्राउन प्रिंस ने कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दा बताया है। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा है कि इस मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को बातचीत से सुलझाना होगा। क्राउन प्रिंस का यह रुख शाहबाज के साथ 7 अप्रैल को बैठक हुई। बातचीत के बाद संयुक्त बयान में आया है। पाक अब तक कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में जनमत संग्रह का राग अलापता रहा है। लेकिन, भारत इस मसले पर द्विपक्षीय बातचीत का समर्थन करता है।

## कनाडा में भारतीय मूल के सिक्ख कारोबारी गिल की गोली मारकर हत्या

टोरंटो ।भारतीय मूल के कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक बूटा सिंह गिल की कनाडा के एडमॉन्टन शहर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक गिल के करीबी दोस्त ने कहा कि गिल शहर के एक सिख मंदिर के एक प्रमुख सदस्य थे और उनके पंजाबी समुदाय के साथ मजबूत संबंध थे। वहीं, शहर के कैवनघ इलाके में दिन के समय हुई गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गई, जिसकी पहचान तत्काल नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिल के पास एडमोंटन स्थित एक लक्जरी होम बिल्डिंग कंपनी गिल बिल्ट होम्स लिमिटेड का स्वामित्व था। गोलीबारी के तुरंत बाद एक्स पर पोस्ट में कहा गया, पुलिस नागरिकों से कैवनघ ब्लव्ड एसडब्ल्यू और 30 एवेन्यू एसडब्ल्यू के क्षेत्र से बचने के लिए कह रही है, जबकि पुलिस दोपहर के आसपास आवासीय क्षेत्र में हुई गोलीबारी की जांच कर रही है। फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। इस समय सार्वजनिक सुरक्षा के लिए कोई तत्काल चिंता नहीं है और प्रतिक्रिया देने वाले अधिकारियों ने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया है। पुलिस ने अपराधी के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गोलीबारी के बाद, लगभग 50 लोग, जिनमें से अधिकांश दक्षिण एशियाई गृह-निर्माता समुदाय से थे, घटनास्थल पर एकत्र हुए। इस घटनाक्रम पर पूर्व नगर पार्षद मोहिंदर बंगा ने कहा कि गिल, जिन्हें वह कई वर्षों से जानते थे, की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह निर्माण स्थल पर अपने श्रमिकों की जाँच कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, बंगा ने कहा कि पीड़ित का पंजाबी समुदाय के साथ मजबूत संबंध था और वह एक धार्मिक और मददगार व्यक्ति था। बग्गा ने कहा, वह किसी भी स्थिति में मदद की जरूरत वाले किसी भी व्यक्ति की मदद करने के लिए तैयार और इच्छुक था। वह सेंट अल्बर्ट ट्रेल पर हमारे सिख मंदिर के एक प्रमुख सदस्य थे। बंगा ने कहा, (पंजाबी समुदाय, पूर्वी भारतीय समुदाय एक घनिष्ठ समुदाय है, और वे सभी यहां रहना चाहते हैं ताकि, आप जानते हैं, अगर वे किसी भी तरह से मदद कर सकते हैं। गिल अपने पीछे पत्नी, बेटी और एक बेटा छोड़ गए हैं।

## ईद से पहले पाकिस्तान में दो जगहों पर बम धमाके....पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मृत्यु

पेशावर ।पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग बम विस्फोट हुए, इन विस्फोट में एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा 20 अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि प्रांत के क्वेटा जिले के कुचलक इलाके में एक मस्जिद में विस्फोट हुआ, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, जब मस्जिद में विस्फोट हुआ, उस समय लोग मग़रिब की नमाज पढ़ रहे थे। वहीं बलूचिस्तान के खुजदार शहर में उमर फारूक चौक के पास एक बाजार में बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह विस्फोट उस समय हुआ जब बाजार में ईद की खरीददारी करने के लिए महिलाओं और बच्चों की भीड़ थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन बल घटनास्थल पर पहुंचे। घायल व्यक्तियों और शवों को खुजदार टीचिंग अस्पताल ले जाया गया। बम निरोधक दस्ते के अधिकारी दोनों स्थानों की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उमर फारूक चौक और मस्जिद के पास खड़ी की गई बाइक में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगाए गए थे। वहीं ऐसा लगता है कि मोटरबाइक में लगाए गए आईईडी को रिमोट के जरिये नियंत्रित किया गया था। बलूचिस्तान में हुए इस हमले की अब तक किसी भी प्रतिबंधित संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस साल हाल के हफ्तों में प्रतिबंधित संगठनों और आतंकवादियों द्वारा प्रांत में कई आतंकी हमले किए गए हैं, जिसमें सुरक्षाबलों और प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया गया है।

## ईरान ने दमिश्क में इजरायली हमले के बाद नया वाणिज्य दूतावास खोला

दमिश्क ।ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने दमिश्क में पिछले हफ्ते इजरायली हमले के बाद सोमवार को नए वाणिज्य दूतावास भवन का उद्घाटन किया। श्री अब्दुल्लाहियन, सीरिया के विदेश मंत्री फैसल मेकदाद के साथ नए वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। यह भवन पिछली इमारत के बगल में मौजूद है। श्री अब्दुल्लाहियन एक अप्रैल को ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमले के बाद देश की अपनी पहली यात्रा के लिए दमिश्क पहुंचे। हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ नेता मारे गए, जिनमें एक अनुभवी कमांडर मोहम्मद रजा जाहेदी भी शामिल थे। जिन्होंने सीरिया और लेबनान में आईआरजीसी विदेशी ऑपरेशन विंग, कुद्स फोर्स का नेतृत्व किया। उन्होंने दमिश्क की अपनी यात्रा के दौरान सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद, विदेश मंत्री फैसल मेकदाद और सीरियाई राष्ट्रीय सुरक्षा के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। उन्होंने कहा कि दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमले की अमेरिका द्वारा निंदा की कमी ने संकेत दिया कि अमेरिका ने इजरायल को यह अपराध करने के लिए हरी झंडी दे दी है।



न्यूयार्क के हुडसन यार्ड में ओजरवेशन डेस्क से सूर्यग्रहण देखते हुए लोग।

## पाकिस्तान की कोर्ट ने सुनाई 70 के दशक वाली सजा, 80 कोड़े मारो

कराची ।पाकिस्तान के कराची में एक सेशन कोर्ट ने एक दुर्लभ सजा सुनाकर एक व्यक्ति को 80 कोड़े मारने का आदेश दिया है। अदालत ने उस व्यक्ति को अपनी पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाकर अपनी बेटी को अपनाने से इंकार करने का दोषी पाया था। कोर्ट ने आरोपी फरीद कादिर को करीब 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई। आदेश में कहा गया है, जो कोई भी कजफ के लिए उत्तरदायी होगा, आरोपी 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। अदालत ने फैसला सुनाया कि दोषसिद्धि के बाद फरीद कादिर द्वारा प्रदान किए गए साक्ष्य किसी भी अदालत में स्वीकार्य नहीं होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, फरीद कादिर (दोषी) की पूर्व पत्नी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी शादी फरवरी 2015 में हुई थी और वह करीब एक महीने तक फरीद के साथ रही थी। दिसंबर 2015 में फरीद की पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया। फरीद की पूर्व पत्नी ने कहा, मेरे पति (फरीद) भरण-पोषण देने या मुझे और हमारी नवजात बेटी को अपने घर वापस ले जाने में भी विफल रहे। अदालत ने फरीद को अपनी बेटी और मेरे (फरीद की पूर्व पत्नी) के भरण-पोषण की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। लेकिन मेरे पति ने कार्यवाही के दौरान अदालत में दो आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें बच्ची के लिए डीएनए परीक्षण और अपनी बेटी को अस्वीकार करने की मांग की गई। ये आवेदन बाद में फरीद द्वारा वापस ले लिए गए। दूसरी ओर, आरोपी फरीद ने अपनी पूर्व पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों से इंकार कहा कि उसकी पत्नी ने उसके साथ केवल छह घंटे बिताए थे। उसने कहा, मैं और मेरी पत्नी केवल छह घंटे ही साथ रहे। फिर वह घर से चली गई और कभी वापस नहीं लौटी। पाकिस्तान में 80 कोड़े मारने की सजा एक ऐसी सजा है जो 70 के दशक के जिया उल हक के दौर के बाद नहीं देखी गई है।

## रमजान में कटोरा लेकर सऊदी अरब के पास पहुंचा पाकिस्तान, नहीं मिली फूटी कौड़ी? सऊदी प्रिंस नहीं लेना चाहते भारत से बैर?

**कराची (एजेंसी)।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मक्का के अल-सफा पैलेस में पाकिस्तान के प्रधान मंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। एक संयुक्त बयान में, सऊदी अरब और पाकिस्तान ने अपने 'बकाये मुद्दों', विशेषकर कश्मीर मुद्दे को हल करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत की आवश्यकता को रेखांकित किया है। इसके अलावा पाकिस्तान और सऊदी अरब ने पहले चर्चा की गई 5 अरब डॉलर के निवेश पैकेज में तेजी लाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।



### पाकिस्तान, सऊदी अरब ने 5 अरब डॉलर के निवेश पैकेज में तेजी लाने की प्रतिबद्धता दोहराई

पाकिस्तान और सऊदी अरब ने पहले चर्चा की गई 5 अरब डॉलर के निवेश पैकेज में तेजी लाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने रविवार को मक्का अल-मुकर्रमा के अल-सफा पैलेस में सऊदी क्राउन प्रिंस से मुलाकात की। बैठक के दौरान, क्राउन प्रिंस ने पदभार संभालने पर पीएम शरीफ को बधाई दी, जबकि बदले में, पाकिस्तान के पीएम ने किंगडम के दृढ़ समर्थन और आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया। संयुक्त बयान में कहा गया है, ÷चर्चा दोनों भाईचारे वाले देशों के बीच भाईचारे के संबंधों को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी।÷

### कर्ज में डूबे पाकिस्तान को बस साउदी अरब का दिलासा?

बयान के अनुसार पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में राज्य की सहायक भूमिका और व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की पारस्परिक इच्छा पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने 5 बिलियन डॉलर के निवेश पैकेज की पहली लहर में तेजी लाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिस पर पहले चर्चा की गई थी। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अपने चालू खाते के घाटे को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को संकेत देने की सख्त जरूरत है कि वह विदेशी वित्तपोषण की आवश्यकताओं को पूरा करना जारी रख सकता है जो पिछले बेलआउट पैकेजों में एक प्रमुख मांग रही है। प्रधान मंत्री ने क्राउन प्रिंस को जल्द से जल्द पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया, जिसे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने स्वीकार कर लिया। दोनों नेताओं ने गाजा की चिंताजनक स्थिति सहित आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

इसमें लिखा है, उन्होंने गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों को रोकने, मानवीय प्रभाव को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आग्रह किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए इजरायल पर शत्रुता बंद करने, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने और गाजा तक निर्बाध मानवीय सहायता पहुंच की सुविधा के लिए दबाव डालने की अनिवार्यता को रेखांकित किया। उन्होंने सुरक्षा परिषद और महासभा के प्रासंगिक प्रस्तावों के साथ-साथ अरब शांति पहल के अनुसार शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की, जिसका उद्देश्य पूर्वी येरुशलम के साथ एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए एक उचित और व्यापक समाधान ढूंढना है।

संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने ÷क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के बीच लंबित मुद्दों, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर विवाद को हल करने के लिए÷ पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत के महत्व पर भी जोर दिया। कश्मीर के विवादित हिमालयी क्षेत्र पर पूरा दावा किया जाता है, हालाँकि 1947 में ब्रिटेन से आज़ादी के बाद से भारत और पाकिस्तान दोनों ने आंशिक रूप से इस पर शासन किया है, और पड़ोसियों ने इस पर तीन में से दो युद्ध लड़े हैं।

## गाजा से लौट रही इजरायली सेना किसी बड़े खतरे का दे रही संकेत

**गाजा (एजेंसी)।** गाजा के दक्षिणी हिस्से के रफाह शहर में भी इजरायल ने अपनी रेड रोक दी है। बता दें कि मिस्र युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर समझौता कराने का प्रयास कर रहा है। जानकारों का कहना है कि इजरायल की सेना की वापसी के पीछे ईरान का डर भी हो सकता है। सीरिया में ईरान के दूतावास पर इजरायली हमले के बाद ईरान भी युद्ध की धमकी दे चुका है। वहीं रफाह बॉर्डर पर हमले और राहत के काम में जुटे लोगों पर हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव भी चरम र है। अमेरिका भी इजरायल से दूरी बनाता हुआ नजर आ रहा है। वहीं संभावना यह भी है कि इजरायल इन इलाकों में अपना अभियान पूरा कर चुका है इसलिए वह सैनिकों को वापस बुला रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने शनिवार को रातभर अपने सैनिकों की वापसी का अभियान चलाया। अब केवल एक ब्रिगेड 'नाहल वर्तमान में गाजा पट्टी पर मौजूद है। नाहल ब्रिगेड को तथाकथित नेटजारिम गलियारे को सुरक्षित करने का काम सौंपा गया है, जो दक्षिणी इजरायल में बेरी क्षेत्र से गाजा पट्टी के तट तक तक जाता है। यह गलियारा इजरायली सेना को उत्तरी और मध्य गाजा में छापे मारने में सक्षम बनाता है और फलस्तीनियों को गाजा पट्टी के उत्तरी हिस्से में लौटने से रोकता है। यह मानवीय संगठनों को उत्तरी गाजा में सीधे सहायता पहुंचाने की अनुमति भी देता है। सैनिकों की यह वापसी ऐसे समय हुई है जब मिस्र युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते पर पहुंचने के उद्देश्य से नए दौर की वार्ता की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है।

हमास के खिलाफ युद्ध को रविवार को छह माह पूरे हो गए। इजरायली सेना ने गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक और लेबनान में अपने अभियानों पर नया डाटा प्रकाशित किया। आंकड़ों के अनुसार, युद्ध की शुरुआत के बाद से गाजा पट्टी में इजरायली सेना ने 13 हजार से अधिक हमास आतंकियों और अन्य आतंकवादी समूहों के सदस्यों को मार गिराया। सेना ने हमास के पांच ब्रिगेड कमांडरों और 20 से अधिक बटालियन कमांडरों को भी मार डाला है। हमास के 100 से अधिक कंपनी कमांडर और समान रैंक वाले ऑपरेटिव भी मारे गए हैं। युद्ध की शुरुआत के बाद से गाजा पट्टी में लगभग 32,000 जगहों पर हमला किया गया है। इनमें से 3,600 से अधिक हमास के ठिकाने। इजरायली सेना ने लेबनान में 330 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें से 30 ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के कमांडर शामिल हैं।

## चीन से लॉन्ग हॉर्न बीटल नामक कीड़ा पहुंचा कई देशों में

### –दुनिया भर में मचा रहा भारी तबाही

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन से लॉन्ग हॉर्न बीटल नाम का कीड़ा दुनिया के कई देशों में पहुंच गया है। यह पेड़ों की जान का दुश्मन बन गया है। उन्हें चंद दिनों में ही चट कर जाता है। बांस से बनी वस्तुओं को यह चंद घंटों में नष्ट कर देता है। अगर ये घर में पहुंच जाए तो दीमक से भी ज्यादा खतरनाक है। लंबे सींग वाले इसे कीट को कुछ लोग गुबरैला के नाम से भी जानते हैं। यह कीड़ा चीन, ताइवान और कोरियाई प्रायद्वीप में पाया जाता है। कहते हैं कि अगर एक बार ये कहीं जम जाए तो इसे हटाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। पौधों को काटकर ही इससे निपटा जा सकता है। यह इतना खतरनाक है कि जिस भी पेड़ में यह घुस जाता है, उसे चंद दिनों में पूरी तरह चट कर जाता है।

अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, मध्य पूर्व, ऑस्ट्रेलिया, स्विटजरलैंड और भारत के कई राज्यों के लिए चुनौती बना हुआ है। जर्मनी के हैम्बर्ग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के मुताबिक, यह अगर आपके घर में घुस जाए तो आपका सोफा, डाइनिंग टेबल, कुर्सियां सबकुछ खा जाता है। इसीलिए इन्हें घरों में उपद्रव मचाने वाला कीट भी माना जाता है। हाल ही में स्विटजरलैंड में इसने भारी तबाही मचाई। इसकी वजह से जंगल का काफी हिस्सा काटना पड़ा है। क्योंकि गुबरैला से छुटकारा पाने का एकमात्र तरीका संक्रमित पेड़ों को नष्ट करना ही है। कई देशों में तो इसे बांस उद्योग को भी काफी नुकसान पहुंचाया है। लॉन्ग हॉर्न बीटल गोल छेद बनाता है। वहीं अंडे देते हैं। बच्चे पैदा करते हैं और फिर फैल जाते हैं। फिर नई वंशावली वही काम करती है। यह संक्रमण आखिरकार पेड़ों को खत्म कर देता है। पेड़ इससे बच नहीं पाते। छेद की वजह से पेड़ पोषक तत्वों को नहीं प्राप्त कर पता और एक दिन सूख जाता है। इनक वजह से दुनिया भर में अरबों डॉलर का नुकसान हो रहा है। यूरोप में पहली बार 1924 में इसे पाया गया। तब से ये तबाही मचा रहे हैं। बता दें कि वायरस का जब भी जिक्र आता है, तो ज?यादातर लोगों की जुबां पर चीन का नाम आ जाता है। क?योंकि कई रिसर्च से इस बात की पुष्टि हुई है कि चीन कुछ अजीबोगरीब वायरस तैयार कर रहा है।

## इसलिए भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है कनाडा? ट्रूडो के चुनावी जीत में चीन की भूमिका पर कनाडा की खुफिया एजेंसी ने कर दिया बड़ा खुलासा

**लंदन (एजेंसी)।** कनाडा की राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी ने खुलासा किया है कि चीन ने देश के 2019 और 2021 के चुनावों में हस्तक्षेप किया था। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी दोनों चुनावों में विजयी हुई। संभावित चीनी भागीदारी के संबंध में विपक्षी विधायकों द्वारा उठाई गई चिंताओं के बीच, ट्रूडो ने विदेशी हस्तक्षेप की जांच के लिए एक आयोग की शुरुआत की। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, आधिकारिक जांच से पता चला है कि चीन ने कनाडा की चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया है।

सत्र के दौरान आयोग ने कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) द्वारा फरवरी 2023 की ब्रीफिंग के एक अंश की प्रस्तुति स्लाइड की समीक्षा की। स्लाइड के अनुसार, रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार हम जानते हैं कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) ने 2019 और 2021 दोनों चुनावों में गुप्त और भ्रामक रूप से हस्तक्षेप किया। हस्तक्षेप को रणनीतिक बताया गया, जिसका उद्देश्य चीनी सरकार से संबंधित मुद्दों पर पीआरसी समर्थक या तटस्थ माने जाने वाले उम्मीदवारों का समर्थन करना था। पीआरसी का मतलब पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना है। जबकि ग्लोबल न्यूज़ ने पहले इस मूल्यांकन के अस्तित्व की सूचना दी थी, चीन ने कनाडाई राजनीति में किसी भी भागीदारी से इनकार किया था।



2021 के अभियान के दौरान कंजर्वेटिव पार्टी के पूर्व नेता एरिन ओ'टूल ने आरोप लगाया कि चीनी हस्तक्षेप के कारण उनकी पार्टी को नौ सीटों तक का नुकसान हो सकता है, हालांकि इससे चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ा। राज्य अभिनेता कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप सफलतापूर्वक करने में सक्षम हैं क्योंकि इसके कुछ कानूनी या राजनीतिक परिणाम हैं। इसलिए स्नढ्ढ कम जोखिम वाला और उच्च प्रतिफल वाला है।


## उत्तरी केन्या में पुल पर बाढ़ के पानी में बही बस, सभी यात्रियों को बचाया गया

नैरोबी ।उत्तरी केन्या में नदी पुल पर एक बस बाढ़ के पानी में बह गयी हालांकि वाहन में सवार में 51 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तना नदी काउंटी के कमांडर अली एनडीमा ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि बस अभी तक पुल से लगभग 30 मीटर दूर नदी में फंसी हुई है, हालांकि जलस्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। एनडीमा ने बताया कि पुल को फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाएगा और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## लश्कर, जैश, हिज्बुल और केटीएफ... आतंकियों की मौत पर रॉ का नाम लेकर रोया पाकिस्तान, मोदी सरकार पर लगे आरोपों पर क्या बोला अमेरिका?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर की प्रतिक्रिया तब आई जब उनसे द गार्जियन की उस रिपोर्ट पर वाशिंगटन के रुख के बारे में पूछा गया, जिसमें पाकिस्तानी अधिकारियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया था कि भारत ने पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद और उग्रवाद से जुड़े लोगों को मार डाला। मिलर इसलिए, हम इस मुद्दे पर मीडिया रिपोर्टों पर नज़र रख रहे हैं। अंतर्निहित आरोपों पर हमारी कोई टिप्पणी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से हम इस स्थिति के बीच में नहीं आने वाले हैं। इस महीने की शुरुआत में रिपोर्ट में भारत और पाकिस्तान के खुफिया कार्यकर्ताओं के हवाले से दावा किया गया था कि भारत का कदम विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा था।

रिपोर्ट को कनाडा के हालिया दावों द्वारा समर्थित किया गया था। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता का आरोप लगाया गया था, जिनकी 18 जून, 2023 को सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाद में रिपोर्ट के जवाब में विदेश मंत्रालय ने ऐसे सभी आरोपों का खंडन किया और इन्हें 'झूठा और दुर्भावनापूर्ण प्रचार' बताया। विदेश मंत्रालय ने द गार्जियन को बताया कि ये आरोप 'झूठे और दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार' हैं। इसने विदेश मंत्री एस जयशंकर के पिछले बयान को भी रेखांकित किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अन्य देशों में लक्षित हत्याएं भारत सरकार की नीति नहीं थी।



# रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को दो रन से हराया

मुल्लांपुर 09 अप्रैल (वार्ता) नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया है।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और कमिंस ने जॉनी बेयरस्टो को शून्य पर बोल्ड कर पंजाब को पहला झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र दो रन था। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह चार रन भुवनेश्वर का शिकार बन गये। कप्तान शिखर धवन भी अधिक समय तक क्रीज पर नहीं टिक सके और 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। सैम करन और सिकंदर रजा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में सैम करण 29 रन बनाकर आउट हो गये। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये। इसके बाद उनादकट ने सिकंदर रजा को 28 रन पर आउट कर पंजाब को पांचवां झटका दिया। उन्होंने 22 गेंदों में दो चौके और दो छक्के जड़े। जितेश शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 25 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 46 रन बनाये। वहीं आशुतोष शर्मा 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 33



बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए पंजाब के बल्लेबाजों को खुल नहीं खेलने का मौका नहीं दिया हालांकि शशांक और आशुतोष ने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया था। लेकिन पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी और दो रन से मुकाबला हार गई।

हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। पैट कमिंस, थंगारसु नटराजन, नितीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में एडन मारक्रम भी बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हाइनरिक क्लासन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। नीतिश ने 37 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 64 रनों की पारी खेली। वहीं अब्दुल समद 12 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 25 रन बनाये। भुवनेश्वर कुमार छह रन बनाकर आउट हुये। हैदराबाद के दोनों ही शीर्ष स्कोरर को अर्शदीप ने आउट किया। शाहबाज अहमद 14 रन और जयदेव उनादकट छह रन नाबाद रहे। उनादकट ने आखिरी गेंद पर छक्का उड़ाते हुए हैदराबाद का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 182 रन पहुंचा दिया।

# ऐश्वर्या मिश्रा का 2023 एशियाई चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।

पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने उस तरीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है।

एआईयू ने कहा, 'एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ (मेल्डोनियम) की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।% सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

श्रीलंका की नदीषा रमानायके ने 52.61 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। ऐश्वर्या चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले और कांस्य पदक जीतने वाली महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का भी हिस्सा थीं।

# चहल को टी20 विश्वकप के लिए टीम में शामिल किया जाना चाहिये : सहवाग



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग ने भारतीय टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे आगामी टी20 विश्वकप के लिए शामिल किया जाना चाहिये। सहवाग के अनुसार चहल बेहतर प्रदर्शन के बाद भी टीम में जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। इसी कारण उन्हें एक बार भी विश्वकप खेलने का अवसर नहीं मिल पाया है। सहवाग ने कहा कि चहल बल्लेबाजों के दिमाग के अनुसार गेंदबाजी करते हैं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि उन्हें आगामी विश्वकप में अवसर मिलेगा।

सहवाग के अनुसार चहल ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन से अपनी लय साबित की है। राजस्थान रॉयल्स की रॉयल चैलेंजस बेंगलुरू पर जीत में भी उनकी अहम भूमिका नहीं। इसके अलावा पिछले मैचों में भी उन्होंने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। आरसीबी के खिलाफ चहल ने कुल 2 विकेट लिए थे।

सहवाग ने कहा, युजवेंद्र चहल टी20 क्रिकेट के महान गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी उन्हें उस प्रकार से अवसर नहीं मिले हैं जैसे मिलने चाहिये थे। टी20 विश्वकप में अब कुछ ही महीने बचे हैं पर वह भारतीय टीम से बाहर हैं। उन्हें खराब प्रदर्शन के नाम पर बाहर किया गया है पर वह आईपीएल में अपनी लय दिखा रहे हैं। इसलिए मेरा मानना है कि उन्हें टीम में जगह दी जानी चाहिये।

# टी20 में रोहित के नाम है ये उपलब्धियां

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम टी20 प्रारुप में एक ऐसा रिकार्ड है जो अभी तक किसी अन्य भारतीय खिलाड़ी के नाम नहीं हैं। रोहित इस प्रारुप में पहला शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। इसके अलावा कप्तान के रूप में रोहित अभी तक एक बार भी टी20 टूर्नामेंट का फाइनल नहीं हारे हैं। वह विश्व में सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पुरुष खिलाड़ी भी हैं। इसके साथ ही रोहित 250 टी20 मैच जीतने वाले भी पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। रोहित सबसे ज्यादा टी20 मैच जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। साल 2007 में रोहित ने मुंबई की तरफ से अपना पहला टी20 मैच खेला था। अभी तक उन्होंने 430 मैच खेले हैं। इसमें उनकी टीम ने 250 मुकाबलों में जीत हासिल की है। वहीं भारतीय टीम की ओर से रोहित ने साल 2007 टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। भारतीय खिलाड़ियों में कोई भी जीत के मामले में रोहित के करीब नहीं हैं। महेंद्र सिंह धोनी 222 जीत के साथ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं धोनी ने अभी तक अपने करियर में 381 टी20 मुकाबले खेले हैं। घरेलू क्रिकेट में रोहित सिर्फ मुंबई का हिस्सा रहे हैं जबकि आईपीएल में मुंबई इंडियंस से पहले डेक्कन चार्जर्स के लिए खेलते थे। वहीं विश्व में सबसे ज्यादा टी20 मैच जीतने वाले खिलाड़ी वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड है। दुनिया की लगभग सभी लीग में खेलने वाले पोलार्ड के प्लेइंग इलेवन में रहते उनकी टीम 359 मुकाबले जीती है। दूसरे नंबर पर 325 जीत के साथ पाकिस्तान के शोएब मलिक हैं।



# मुस्तफिजुर पर्पल कैप की दौड़ में फिर नंबर एक पहुंचे, चहल दूसरे नंबर पर खिसके

## -ऑरेंज कैप के लिए विराट पहले नंबर पर कायम

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान एक बार फिर पर्पल कैप की रेस में नंबर एक स्थान पर पहुंच गये है। मुस्तफिजुर ने केकेआर के खिलाफ मुकाबले में दो विकेट लेकर एक बार फिर लीग मे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। इस प्रकार मुस्तफिजुर ने नंबर एक पर चल रहे यजुवेन्द्र चहल को दूसरे स्थान पर धकेल दिया है। मुस्तफिजुर बीच के दौर में निजी कारणों से स्वदेश लौट गये थे। इस कारण वह नंबर एक स्थान से फिसल गये थे पर वापसी के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से अपना खोया स्थान हासिल कर लिया है। रहमान के नाम एक हफ्ते पहले भी आईपीएल 2024 का पर्पल कैप था. इसके बाद वे निजी कारणों से स्वदेश लौट गए थे. इसका फायदा युजवेंद्र ने उठाया और वे टूर्नामेंट में सबसे अधिके विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए. लेकिन मुस्तफिजुर ने लीग में वापसी करते ही एक बार फिर पर्पल कैपकैप अपने नाम कर ली है। मुस्तफिजुर ने 4 मैच में 9 विकेट लिए हैं जबकि चहल ने 4 मैच में 8 विकेट लिए हैं जबकि मोहित शर्मा, खलील अहमद और कोएत्जी 7-7 विकेट लेकर संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं।


वहीं केकेआर की ओर से रवींद्र जडेजा और तुषार पांडे भी पर्पल कैप की रेस में हैं। जडेजा और तुषार ने सीएसके के खिलाफ 3-3 विकेट लिए थे। अपने गेंदबाजों के इस प्रदर्शन से चेन्नई सुपरकिंग्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को 9 विकेट पर 137 के स्कोर पर रोक दिया। केकेआर की ओर से कप्तान श्रेयस अय्यर ने सबसे अधिक 34 रन बनाए। वहीं अगर सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की बात करें तो उसके लिए आरसीबी के विराट कोहली सबसे आगे हैं। विराट ने अब तक 5 मैच में सबसे अधिक 316 रन बनाए है। वहीं दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन हैं. उन्होंने 5 मैच में 191 रन बनाए हैं।

# सीएसके से हारकर भी दूसरे नंबर पर बरकरार है केकेआरे

चेन्नई। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को आईपीएल के 17 वें सत्र में पहली हार का सामना करना पड़ा है। केकेआर को इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने हराया। केकेआर को जहां हार से कोई नुकसान नहीं हुआ और वह अंक तालिका में पहले की तरह ही दूसरे नंबर पर बनी हुई है। वहीं सीएसके को हार हार के बाद मिली इस जीत से लाभ हुआ है और वह चौथे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं सभी मैच जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स अब भी अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण पहले स्थान पर है। वहीं दूसरे नंबर पर कोलकाता जबकि तीसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम है। सीएसके चौथे स्थान पर बनी हुई है जबकि पांचवां नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद है। अंक तालिका में पंजाब किंग्स की टीम छठे जबकि गुजरात टाइटंस 7वें स्थान पर है। हैदराबाद और पंजाब को 4 मैच खेलने के बाद 2-2 जीत मिली है। गुजरात के खाते में 5 मैच के बाद 2 जीत है। वहीं लगातार तीन हार के बाद जीत दर्ज करने वाली मुंबई की टीम आठवें नंबर पर आ गयी है। आरसीबी एक जीत के साथ ही नौवें स्थान पर है। सबसे नीचे 10वें नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स की टीम है।

# गंभीर ने धोनी को भारत का सबसे सफल कप्तान बताया

नई दिल्ली। आईपीएल में केकेआर के मेंटार गौतम गंभीर ने सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रदर्शन करते हुए उन्हें भारत का सबसे सफल कप्तान करार दिया है। गंभीर ने कहा कि धोनी एक ऐसे कप्तान हैं जिनके रहते हुए विरोधी टीम अंतिम गेंद तक जीत का दावा नहीं कर सकती है। गंभीर ने धोनी की योजनाओं और स्पिनर्स पर नियंत्रण के



कौशल की सराहना की और उन्हें खेल का फिनिशर भी माना है। धोनी की चतुर मानसिकता की प्रशंसा करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जब तक धोनी मैदान पर हैं, विरोधी टीम आखिरी गेंद तक यह नहीं सोच सकती कि वह जीत जाएगी। गंभीर ने कहा कि धोनी अब तक के सबसे बेहतरीन कप्तान है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी कप्तान इतना सफल होगा जितने वह हैं। उन्होंने 3 आईसीसी खिताब जीते हैं। जब आईपीएल में धोनी के खिलाफ मेरी लड़ाई की बात आती है तो धोनी अपनी रणनीतिक मानसिकता के कारण इसका आनंद लेते हैं। हां, आईपीएल में मैंने भी इसका हर तरह से आनंद लिया है क्योंकि मुझे पता था कि धोनी के पास वह मानसिकता है। वह रणनीति के मामले में बहुत अच्छे हैं। गंभीर ने कहा कि धोनी जानते है कि स्पिनरों को कैसे नियंत्रित किया जाता है। किसी बल्लेबाज के खिलाफ फील्डिंग कैसे लगानी है। वह कभी हार नहीं मानते। वह अपनी टीम में आम तौर पर नंबर 6 या 7 पर बल्लेबाजी करता था। हम जानते थे कि जब तक वह वहां रहेगा, वह खेल समाप्त कर सकता है। भले ही उन्हें एक ओवर में 20 रन चाहिए हों पर अगर धोनी क्रीज पर हैं तो वह खेल को समाप्त कर सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

पर्थ (एजेंसी)। पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1 -5 और दूसरे में 2 -4 से पराजय का सामना करना पड़ा।

इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। पहले दोनों मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय डिफेंडरों ने पहले दो मैचों में कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाए। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति विरोधी खेमे में हमले नहीं बोल सकी। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा।

मिडफील्ड में प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मिडफील्डरों ने काफी मौके बनाए हैं। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। शॉर्ट और तेज रफ्तार पास की बजाय भारतीयों ने डीप से लंबे पास का आदान प्रदान किया लेकिन आस्ट्रेलियाई डिफेंस को नहीं तोड़ सके। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जाएगा।



# मेरा लक्ष्य मैच जीतना रहता है : बाबर आजम

लाहौर। सीमित ओवरों के लिए एक बार फिर पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तान मिलने से उत्साहित बाबर आजम ने कहा है कि वह एक अलग प्रकार के खिलाड़ी हैं। इसलिए उनकी तुलना किसी अन्य से नहीं की जानी चाहिये। वहीं कम स्ट्राइट रेट के कारण हो रही आलोचनाओं को लेकर आजम ने कहा कि उनका लक्ष्य मैच जीतना रहता है, इसलिए अन्य बातों पर वह ज्यादा ध्यान नहीं देते। उन्होंने कहा कि



मैं एक अलग खिलाड़ी हूं और मैदान पर स्थिति के अनुसार अपने को ढाल लेता हूं। क्रिकेट आजकर बहुत तेज होने लगा है पर मैच जीतना ही मेरा अंतिम लक्ष्य रहता है। बाबर ने साथ ही कहा कि मैं इस बात पर ध्यान केंद्रित करता हूं कि पारी को आगे बढ़ार किया प्रकार मैच कैसे जीते जायें। साथ ही कहा कि मैच बनाना और पारी खेलना अलग-अलग चीजें होती हैं। मैच जिताने में ये दोनों चीजें शामिल रहती हैं। इसमें इस बात का ध्यान रखना होता है कि शुरआत से अंत तक के ओवर किस प्रकार खेलने होते हैं। साथ ही कहा कि, मैं अपने खेल को समझता हूं। मैं जानता हूं कि मुझे किस प्रकार के स्ट्रोक्स लगाते हुए मैच आगे बढ़ाना है। ये काफी कुछ हालातों पर भी आधारित रहता है। अगर हालात अच्छे रहते हैं तो मैं खुलकर खेलता हूं पारी को बढ़ना है तो रुककर खेलता हूं। साथ ही कहा कि अगर हमारे पास विकेट हैं तो हम ज्यादा स्ट्राइक रेट से भी खेल सकते हैं। इसलिए सबसे अधिक अहम ये है कि मैच में हम किस हालत में हैं। विकेट हाथ में हों तो तेजी से खेलकर स्ट्राइक रेट बनाया जा सकता है।

# जडेजा आईपीएल में ये रिकार्ड अपने नाम करने वाले पहले क्रिकेटर बने

चेन्नई (एजेंसी)। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा के नाम आईपीएल में कई उपलब्धियां हैं। जडेजा ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में एक कैच लेते ही अपने 100 कैच पूरे किये। इसी के साथ ही जडेजा आईपीएल इतिहास के ऐसे पहले क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं, 100 से ज्यादा विकेट लिए हैं और 100 कैच भी लिए हैं। आईपीएल 2024 का 22वां मैच गत दिवस सीएसके ओर केकेआर के बीच हुआ था। केकेआर की टीम इस मैच में निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 137 रन ही बना पायी। वहीं सीएसके ने इसके बाद 17.4 ओवर में ही 3 विकेट पर 141 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस दौरान जडेजा को उनके ऑलराउंड खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। जडेजा ने केकेआर के खिलाफ 3 विकेट लिए। उन्होंने अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर अंगकृष रघुवंशी को पेवेलियन भेजा। जडेजा ने इसी ओवर में सुनील नरेन को भी आउट किया। जडेजा ने अपने अगले ही ओवर में वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया। जडेजा ने इसी मैच में केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर को भी आउट किया। जडेजा आईपीएल के पहले सीजन से ही इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। उन्होंने साल 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही अब तक आईपीएल में 231 मैच खेले हैं। जडेजा ने इन मैचों में 2776 रन बनाने के अलावा 156 विकेट भी लिए हैं। उन्हें सीएसके की कप्तानी का भी अवसर मिला था पर वह उसमें असफल रहे थे।



# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले पाकिस्तान को मिला नया सहायक कोच

लाहौर -पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला के लिए अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालिन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है। पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच रहे महमूद ब्रिटेन में बसे हैं और इंग्लैंड तथा वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मान्यता प्राप्त कोच हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में मोहम्मद युसूफ बल्लेबाजी कोच और सईद अजमल स्पिन गेंदबाजी कोच होंगे।

# आईपीएल 2024 : जब से मैं सीएसके में शामिल हुआ हूं तब से यही हो रहा है, जीत के बाद बोले गायकवाड़

चेन्नई (एजेंसी)। सीएसके द्वारा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर सात विकेट से जीत के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि वह सिर्फ इसलिए कुछ भी बदलना नहीं चाहते हैं क्योंकि अभी वह प्रभारी हैं। रुतुराज गायकवाड़ ने 58 गेंदों में नाबाद 67 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की क्योंकि गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी तीसरी घरेलू जीत दर्ज की।

गायकवाड़ ने कहा, 'मैं एक खास तरह का किरदार नहीं बनना चाहता। बस चीजों को वैसे ही बहना पसंद है जैसे वे बह रही हैं। सीएसके की संस्कृति को मूल रूप से जारी रखें। यही है जो मुझे महसूस होता है। हमें जो सफलता मिली है, जो चीजें हम कर रहे हैं, मैं उसमें रत्ती भर भी बदलाव नहीं करना चाहता। मैं बस वहां आना चाहता हूं, अपने फैसले खुद लेना चाहता हूं और जितनी संभव हो उतनी आजादी देना चाहता हूं क्योंकि जब से मैं सीएसके में शामिल हुआ हूं तब से यही हो रहा है। वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है और मैं इसका आनंद ले रहा हूं।'

रुतुराज ने यह भी उल्लेख किया कि धोनी ने उन्हें आईपीएल 2022 में सीएसके का नेतृत्व करने के बारे में बताया था और 2023 में प्रत्येक मैच के बाद, वह कोच स्टीफन फ्लेमिंग के साथ बैठे और चर्चा की कि अगर वह कप्तान होते तो क्या करते। गायकवाड़ ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो, वास्तव में कोई गहरी बातचीत नहीं है, मुझे लगता है...यह बहुत ठंडी स्थिति में था। मैं सिर्फ एक बात कहूंगा। बस हम अभ्यास कर रहे थे और उन्होंने आकर मुझे ये सारी बातें बताईं। जाहिर तौर पर हर किसी के लिए, बाहर के अन्य लोगों के लिए, वे सोचते होंगे कि उन्हें बड़ी जरूरतें पूरी करनी होंगी लेकिन मुझे लगता है कि मैं हमेशा मैं ही रहूंगा और जो संस्कृति चली आ रही है उसे मैं जारी रखना चाहूंगा।'

गायकवाड़ ने कहा, 'मुझे याद है 2022 में जब उन्होंने मुझसे कहा था, शायद अगले साल नहीं, लेकिन उसके बाद तुम्हें नेतृत्व करने का मौका मिल सकता है, इसलिए इसके लिए तैयार रहो। तो जाहिर तौर पर उसके बाद मैं इसके लिए हमेशा तैयार था। मेरे लिए यह कोई नई बात नहीं थी या आश्चर्य या झटका नहीं था। मुझे पता है कि खेल को कैसे नियंत्रित करना है। मैं जानता हूं कि खेल कैसे आगे बढ़ता है, क्या बदलाव करना है, कब क्या करना है, जैसा कि मैं पिछले साल भी कर रहा था, फ्लेमिंग और मैं हर खेल के बाद कप्तानी पर चर्चा करते थे, मैं कैसा महसूस करता हूं, क्या बदलाव आता है, गेंदबाजी में बदलाव आता है, मुझे लगता है कि हमें क्या करने की जरूरत है, हर खेल में हम एक-पर-एक बातचीत करते थे जिससे वास्तव में मदद मिली।'

गायकवाड़ ने पांच पारियों में 117.42 की स्ट्राइक रेट से 155 रन बनाए हैं। उन्हें इस साल एक नए ओपनिंग पार्टनर, रचिन रवींद्र के साथ काम करना पड़ा है। गायकवाड़ ने कहा, %कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिनके बारे में बाहर के लोगों को वास्तव में पता नहीं चलता। पिछले साल, हमने जो तीन, चार मैच शुरू किए थे, वे अहमदाबाद, चेन्नई और मुंबई और फिर चेन्नई में थे। वे सभी खेल सपाट विकेटों पर थे। इसलिए मुझे लगता है कि पिच वास्तव में बहुत मायने रखती है।'

उन्होंने कहा, 'पहला गेम (इस सीजन में) मैंने सोचा था कि मुझे अच्छी शुरुआत मिलेगी, एक अच्छी गेंद मिली (15 रन पर आउट)। दूसरा गेम भी वैसा ही है, मुझे लगता है, मुझे अच्छी शुरुआत मिली है, थोड़ी तेजी लानी होगी, आपको वहां गलती करने की प्रवृत्ति होती है [46 रन पर आउट] और तीसरे मैच में मुझे फिर से लगा कि मैं अच्छी स्थिति में हूं, दूसरी गेंद [1 रन पर आउट] पर वास्तव में कुछ नहीं कर पाया।

सीएसके के कप्तान ने कहा, 'कभी-कभी ऐसे चरण होते हैं जहां आपको अच्छी गेंदें मिलती हैं। कभी-कभी ऐसे चरण होते हैं जहां आप थोड़े दुर्भाग्यशाली होते हैं। कभी-कभी ऐसे चरण होते हैं जहां चीजें वास्तव में सही नहीं होती हैं। (ए) अच्छा शॉट, फील्डर के हाथों में जा रहा है। इसलिए आप ऐसा नहीं करते।'

गायकवाड़ ने अंत में कहा, 'वास्तव में इस पर सोचने की जरूरत नहीं है। मुझे हमेशा लगता था कि मैं अच्छी स्थिति में हूं, वास्तव में अच्छी



शुरुआत कर रहा हूं, अच्छा हेडस्पेस है, इसलिए मैं वास्तव में चिंतित नहीं था। और बल्लेबाजी करते समय कप्तानी करना एक बिल्कुल अलग दृष्टिकोण है। यहां तक कि जब मैं अपना पहला मैच खेल रहा था, या सीएसके के लिए पहला अर्धशतक बनाया था, मुझे लगता है कि (वह) इसी तरह की स्थिति थी, हम 140 का पीछा कर रहे थे और मैं हमेशा से अंत तक टिकना चाहता था और यह सुनिश्चित करना चाहता था कि मैं पारी को लगभग उसी तरह खत्म करूं। भले ही मैं कप्तान हूं या नहीं, वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है।'

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड मेंडिस और मैया को मिला

दुबई। आईसीसी के मार्च महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड पुरुष वर्ग में श्रीलंका क्रिकेट टीम के कामिंदु मेंडिस और महिला वर्ग में इंग्लैंड की मैया बाउचर को मिला है। मेंडिस को ये अवार्ड टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मिला है। मेंडिस ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में 102 रन और दूसरी पारी में 164 रन बनाए थे। उन्होंने इस अवार्ड की दौड़ में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मैट हेनरी और आयरलैंड क्रिकेट टीम के मार्क अडायर को पीछे छोड़ा। इस अवार्ड से उत्साहित मेंडिस ने कहा, मैं आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बेहद खुश हूं, इसे मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए प्रेरणादायक मानता हूं। इस तरह की मान्यता हमें एक खिलाड़ी के रूप में टीम, देश और प्रशंसकों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अधिक से प्रेरित करती है। वहीं महिला क्रिकेटर मैया बाउचर को न्यूजीलैंड में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला है।

# इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा लॉन्च

## ई-स्कूटर की कीमत है 1.10 लाख रुपये

नई दिल्ली ।

बेंगलुरु बेस्ड इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता एथर ने इंडियन मार्केट में अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा को लॉन्च कर दिया है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर को टीवीएस आईक्यूब, ओला एस1 और हीरो वीडा वी1 से टक्कर लेने के लिए उतारा गया है। कंपनी ने इस ई-स्कूटर की कीमत काफी सोच-समझकर 1.10 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तय की है, जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे मजबूत दावेदार बना देता है।एथर रिज्टा की बात करें तो इसे तीन वैरिएंट में लॉन्च किया गया है जिसमें 2.9 केडब्ल्यूएच की बैटरी के साथ रिज्टा एस और 3.7 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ रिज्टा झेड शामिल है। अगर स्कूटर के डिजाइन की बात करें तो इसमें क्लीन लुक के साथ काफी शार्प और स्लीक डिजाइन मिलती है। बेस-स्पेक रिज्टा एस की कीमत 1.10 लाख रुपये है। एडिशनल फीचर्स और कलर ऑप्शन के साथ रिज़्टा जेड वैरिएंट उपलब्ध है जिसकी कीमत 1.25 लाख रुपये है। इसके अलावा, टॉप-एंड रिज्टा झेड की कीमत 1.45 लाख रुपये है। सभी कीमतें एक्स-शोरूम हैं। 2.9केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ आने वाले वैरिएंट की रेंज 123 किलोमीटर है, जबकि 3.7 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक मॉडल की रेंज 160 किलोमीटर क्लेम की गई है। सभी वेरिएंट की टॉप स्पीड 80 किमी प्रति घंटा तक सीमित है।

एथर रिज़्टा एस तीन मोनोटोन रंगों में आता है, जबकि रिज़्टा झेड सात रंगों में उपलब्ध है, जिसमें तीन मोनोटोन और चार डुअल-टोन विकल्प शामिल हैं। इसके अलावा, इस इलेक्ट्रिक स्कूटर में दो राइडिंग मोड - ज़िप और स्मार्टइको मिलते हैं। सुरक्षा के लिहाज से, रिज़्टा में ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम, स्किड कंट्रोल सिस्टम, इमरजेंसी स्टॉप सिग्नल (ईएसएस), चोरी और टो डिटेक्ट सिस्टम जैसी कई सुविधाएं मिलती हैं। इसमें ऑटो होल्ड और रिवर्स मोड जैसी राइड असिस्ट सुविधाएं भी मौजूद हैं।

इसके अलावा, बेस-स्पेक मॉडल में 7-इंच एलसीडी डिस्प्ले मिलता है जबकि अन्य दो में 7-इंच टीएफटी डिस्प्ले मिलता है। स्कूटर लॉन्च के साथ, एथर ने हेलो हेलमेट भी पेश किया, जिसमें हेलो बिट की कीमत 4,999 रुपये और हेलो की कीमत 14,999 रुपये है, जिसमें प्री-ऑर्डर पर 2,000 रुपये की छूट उपलब्ध है।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज की पिछले वित्त वर्ष रिकॉर्ड 22,500 करोड़ की बुकिंग




**- गोदरेज प्रॉपर्टीज ने प्रेस्टीज समूह की बिक्री बुकिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया**

नई दिल्ली ।

रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज की बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 84 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 22,500 करोड़ रुपये रही। आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग बिक्री वृद्धि की प्रमुख वजह रही। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज समूह की बिक्री बुकिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रेस्टीज समूह ने पिछले वित्त वर्ष में 21,040 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग होने की सोमवार को जानकारी दी थी। मैक्रोटेक डेवलपर्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में 14,520 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है।

डीएलएफ ने अभी तक अपने आंकड़ों की घोषणा नहीं की है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही और पूरे 2023-24 में क्रमशः अपनी अब तक की सबसे अच्छी तिमाही और वार्षिक बिक्री दर्ज की है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में गोदरेज प्रॉपर्टीज की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर दोगुनी होकर 9,500 करोड़ रुपये से अधिक रही। पिछले वित्त वर्ष में इसकी बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 84 प्रतिशत बढ़कर 22,500 करोड़ रुपये से अधिक हो गई। कंपनी के अनुसार यह भारत में किसी भी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा घोषित अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री है। यह दो करोड़ वर्ग फुट के क्षेत्रफल में फैले 14,310 मकानों की बिक्री के जरिए संभव हो पाया। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि कंपनी की बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 56 प्रतिशत बढ़कर 81.7 लाख वर्ग फुट हो गई। गोदरेज प्रॉपर्टीज व्यवसाय समूह गोदरेज ग्रुप का हिस्सा है। यह देश के अग्रणी डेवलपर्स में से एक है।

# विशाल मेगा मार्ट इस साल लॉन्च करेगा अपना आईपीओ

**- आईपीओ का साइज लगभग आठ हजार करोड़ रुपये का होगा**




नई दिल्ली।

विशाल मेगा मार्ट इस साल अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर रहा है और इसकी उसने तैयारी भी शुरू कर दी है। अब ये इंडियन सुपरमार्केट चेन आपको कमाई कराने की तैयारी कर रही है.। अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो ये खबर आपके लिए खास है। इसके लिए कंपनी ने दो बैंकों का चयन भी कर लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, विशाल मेगा मार्ट इस साल आईपीओ के लिए कोटक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक के साथ बातचीत कर रहा है। इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि दोनों बैंक इस साल की चौथी तिमाही में सुपरमार्केट श्रृंखला को शेयर बिक्री के लिए आईपीओ लाने में मदद करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम स्थित इस कंपनी द्वारा अपने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग के जरिए 850 मिलियन डॉलर से 1 अरब डॉलर के बीच जुटाने की उम्मीद है। भारतीय मुद्रा में गणना करें तो इस आईपीओ का आकार लगभग 7080-8330 करोड़ रुपये के बीच हो सकता है। हालांकि, हम इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि अपना आईपीओ लाने के लिए कंपनी अन्य बैंकों को भी साथ ला सकती है। बता दे कि स्विट्जरलैंड के पार्टनर्स ग्रुप और भारत की केदारा कैपिटल ने साल 2018 में निवेश फर्म टीपीजी कैपिटल से विशाल मेगा मार्ट को खरीदा था। यह एक प्राइवेट लेबल, फैशन व जनरल मर्चेंडाइज, फूड और किरारा के सामान की पेशकश करती है। विशाल मेगा मार्ट की वेबसाइट पर इसके पूरे भारत में 550 से ज्यादा स्टोर्स हैं। रिपोर्ट की मानें तो विशाल मेगा मार्ट की कमाई का आधा हिस्सा कपड़ों की बिक्री से आता है। इंडियन रेटिंग के अनुसार 2022-23 में विशाल मेगा मार्ट का रेवेन्यू 36 फीसदी से बढ़कर 75.9 अरब रुपये रहा था। इस दौरान कंपनी के नेट प्रॉफिट में 60 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली थी और ये 3.2 अरब रुपये पर पहुंच गई है।

# ग्लैंड फार्मा के दो शेयरहोल्डर बेच सकते हैं हिस्सेदारी

नई दिल्ली ।

फार्मा सेक्टर की कंपनी ग्लैंड फार्मा के शेयरों में मंगलवार को ब्लॉक डील हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी के दो शेयरहोल्डर अपनी 4.4 फीसदी हिस्सेदारी बेच सकते हैं। जानकारी के मुताबिक ब्लॉक डील के जरिए निकोमैक मशीनरी प्राइवेट लिमिटेड और आरपी एडवायजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कुल मिलाकर करीब 4.4 फीसदी हिस्सेदारी बेच सकते हैं। 1400 करोड़ रुपये में ये डील हो सकती है ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। प्रति शेयर के हिसाब से ग्लैंड फार्मा के शेयरों की ब्लॉक डील के लिए प्रति शेयर 1725 रुपये का भाव तय किया गया है। यह इसके मौजूदा भाव से 7.34 फीसदी छूट पर है। यह शेयर सोमवार बीएसई पर 1861.70 रुपये के भाव पर बंद हुआ था। कंपनी के दिसंबर तिमाही के शेयरहोल्डिंग डेटा शो के अनुसार, निकोमैक मशीनरी के पास ग्लैंड फार्मा में 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जबकि आरपी एडवाइजरी सर्विसेज के पास ग्लैंड फार्मा में 3.74 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। दोनों फार्मा में निकोमैक मशीनरी और




एंटिटी डॉ. रवि पेनमेत्सा से जुड़ी हैं, जो ग्लैंड फार्मा के पूर्व प्रमोटर हैं।

इस बीच रिपोर्ट में कहा गया है कि पेनमेत्सा के पास फर्म में लगभग 1 प्रतिशत शेष हिस्सेदारी बनी रहेगी। डील से पहले ग्लैंड आरपी एडवाइजरी सर्विसेज की 4.93 फीसदी हिस्सेदारी थी। चीन की फोसुन फार्मा ग्लैंड फार्मा की प्रमोटर है और कंपनी में उसकी 57.86 फीसदी हिस्सेदारी है। पिछले साल ग्लैंड फार्मा के शेयरों में करीब 48 फीसदी की तेजी आई है।

# सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

## - सोना 71 हजार और चांदी 82 हजार रुपए

नई दिल्ली ।

इस सप्ताह लगातार दूसरे दिन मंगलवार को बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। सोने के वायदा भाव 71 हजार और चांदी के वायदा भाव 82 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में भी सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 114 रुपये की तेजी के साथ 71,026 रुपये पर खुला। जो बाद में 124 रुपये की तेजी के साथ 71,036 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 96 रुपये की तेजी के साथ 81,971 रुपये पर खुला। जो बाद में 50 रुपये की तेजी के साथ 81,925 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। कॉमेक्स पर सोना 2,358.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,351 डॉलर था।



फिलहाल यह 12.30 डॉलर की तेजी के साथ 2,363.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोमवार को इसने 2,372.50 डॉलर के भाव पर अब तक का उच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.97 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 27.80 डॉलर था। फिलहाल यह 0.12 डॉलर की तेजी के साथ 27.93 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 28.26 डॉलर के भाव पर दिन का उच्च स्तर छू लिया।

## इस्मार्टू इंडिया की हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा डिक्सन

नई दिल्ली ।

डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) की योजना इलेक्ट्रॉनिक व मोबाइल उपकरण विनिर्माण कंपनी इस्मार्टू इंडिया में बहुमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की है। कंपनी ने बताया कि यह अधिग्रहण पूरी तरह से नकद समझौता होगा। उसने इस्मार्टू सिंगापुर, ट्रांसन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, 5ए एडवाइजर्स एलएलपी से पहली किश्त में 50.10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है। बयान के अनुसार पहली किश्त में शेयरों का अधिग्रहण कुल 238.36 करोड़ रुपये में होने का अनुमान है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने सोमवार देर रात शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि यह अधिग्रहण इस व्यवसाय क्षेत्र में बढ़ने तथा रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने और व्यावसायिक विस्तार की डिक्सन टेक्नोलॉजीज की रणनीति के अनुरूप है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दोनों कंपनियों की संयुक्त विशेषज्ञता, संसाधन, इंजीनियरिंग कौशल और अन्य विनिर्माण क्षमताएं उभरते भारतीय ईएमएस उद्योग में विकास के अवसरों को भुनाने में मदद करेगी।




## मारुति सुजुकी ने मानेसर संयंत्र की क्षमता एक लाख इकाई बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने मानेसर संयंत्र की उत्पादन क्षमता में प्रे तिवर्ष एक लाख इकाई विस्तार किया है। कंपनी ने हरियाणा के मानेसर में कार्यरत तीन विनिर्माण संयंत्रों में से मौजूदा प्लांट-ए में एक वाहन असेंबली लाइन जोड़ी है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने एक बयान में कहा कि नई वाहन असेंबली लाइन में प्रति वर्ष एक लाख इकाई बनाने की क्षमता है। बयान के अनुसार अतिरिक्त असेंबली लाइन के साथ मानेसर की कुल विनिर्माण क्षमता नौ लाख वाहन प्रति वर्ष हो गई है। एमएसआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले सात-आठ वर्षों में अपनी क्षमता को करीब दोगुना करके 40 लाख वाहन प्रति वर्ष करना है। प्रति वर्ष एक लाख वाहनों की यह क्षमता वृद्धि इस लक्ष्य की दिशा में एक कदम है।

## क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस का शेयर 175 पर लिस्ट हुआ

**नई दिल्ली ।** क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस इंडिया के आईपीओ ने बाजार में प्रवेश कर लिया है। एनएसई एसएमई पर क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस का शेयर प्राइस 175 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो 85 रुपये के इश्यू प्राइस से 105.88 फीसदी ज्यादा है। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस इंडिया लिमिटेड का आईपीओ गुरुवार 8 मार्च को सब्सक्राइब करने के लिए खुलने के बाद गुरुवार अप्रैल को बंद हो गया। इश्यू के लिए प्राइस बैंड 80 रुपये से 85 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस आईपीओ लॉट साइज में 1,600 शेयर शामिल थे। आखिरी दिन इसके आईपीओ को 201.86 गुना सब्सक्राइब किया गया था। इससे पहले बुधवार 27 मार्च को कंपनी ने 85 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 18.24 लाख इक्विटी शेयर बेचे थे। इससे एंकर निवेशकों से 15.5 करोड़ रुपये जुटाए गए। एंकर बुक को कई जाने-माने निवेशकों ने सब्सक्राइब किया था। कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों, पूरा या आधा पुनर्भुगतान या कुछ ऋणों के पूर्व भुगतान, पूंजीगत खर्च की फंडिंग, व्यापार अधिग्रहणों के माध्यम से अकार्बनिक विकास के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों के भुगतान के लिए नए मुद्दे से शुद्ध आय का उपयोग करने की योजना बना रही है।

## जुनिपर ग्रीन एनर्जी की महाराष्ट्र में जलकोट सौर परियोजना शुरू



**नई दिल्ली ।** नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने महाराष्ट्र में 105 मेगावाट जलकोट सौर ऊर्जा परियोजना मंगलवार को शुरुआत की है। कंपनी के अनुसार परियोजना को निर्धारित वाणिज्यिक संचालन तिथि से लगभग नौ महीने पहले रिकॉर्ड समय में शुरू किया गया है। जलकोट सौर ऊर्जा परियोजना महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के साथ 25 साल के बिजली खरीद समझौते के तहत बिजली का वितरण करेगी, जो आर्थिक मूल्य व पर्यावरणीय प्रबंधन दोनों के प्रति प्रतिबद्धता की एक मिसाल है। कंपनी ने कहा कि इसके सालाना करीब 20 करोड़ (यूनिट) उत्पादन की संभावना है। इस परियोजना का लक्ष्य महाराष्ट्र के कार्बन उत्सर्जन को हर साल अनुमानित 1,78,569 टीसीओ2 कम करना है। जुनिपर ग्रीन एनर्जी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परियोजना के निर्धारित वाणिज्यिक संचालन की तारीख से करीब नौ महीने पहले इसका परिचालन शुरू होना हमारे दल की अभूतपूर्व कर्मठता को दर्शाता है।

## एक्सिस बैंक में बड़ी ब्लॉक डील की संभावना

**- 3 करोड़ से ज्यादा शेयरों की हो सकती है बिक्री**

**नई दिल्ली ।** बाजार में मंगलवार को एक बड़ी ब्लॉक डील हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार एक्सिस बैंक के 3 करोड़ से ज्यादा के शेयरों की ब्लॉक डील होने की संभावना है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि बेन कैपिटल एक्सिस बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेच सकता है। रिपोर्ट की मानें तो इस ब्लॉक डील की कीमत करीब 43.1 करोड़ डॉलर की हो सकती है। प्रति शेयर के हिसाब से देखें तो 1071 रुपये से लेकर 1076.05 रुपये प्रति शेयर पर यह ब्लॉक डील होने की संभावना है। वहीं बताया जा रहा है कि ब्लॉक डील बेन कैपिटल से जुड़ी कुछ एंटिटी द्वारा लॉन्च की गई है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस ब्लॉक डील का उद्देश्य एक क्लीन अप ट्रेड करना है। इससे ये अनुमान लगाए जा रहे हैं कि जो बेन कैपिटल पूरी तरह से बाहर हो सकती है। पिछले दिसंबर में अमेरिकी निजी इक्विटी फर्म ने 3,700 करोड़ से अधिक में एक्सिस बैंक में 1.1 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी। इसने पहले जून में एक्सिस बैंक में 0.7 प्रतिशत हिस्सेदारी 968 प्रत्येक की औसत कीमत पर बेची थी, जिसकी कुल कीमत 2,178 करोड़ थी। इससे पहले निजी इक्विटी इकाई ने अक्टूबर 2022 में 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी का निपटान किया था। पिछले वर्ष के दौरान एक्सिस बैंक के शेयरों ने निवेशकों को 26 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है।




# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 58.80 , निफ्टी 23.55 अंक गिरा



मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आया है। इससे पहले आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स पहली बार 75,000 अंक के ऊपर निकल गया पर इसके बाद लार्ज कैप में मुनाफावसूली बढ़ने से बाजार नीचे आ गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित

बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 58.80 अंक करीब 0.08 फीसदी टूटकर 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,603.37 और 75,124.28 के बीच रहा। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई (निफ्टी) भी 23.55 अंक तकरीबन 0.01 फीसदी टूटकर अंत में 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी आज 22,612.25 और 22,768.40 के बीच रहा। आज के कारोबार के दौरान व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी 0.47 फीसदी नीचे आया। इससे पहले आज सुबह नवरात्र के पहले कारोबारी दिन बाजार की मजबूत शुरुआत हुई है। सेंसेक्स 166.83 अंक ऊपर 74,909.33 पर और निफ्टी 50.90 अंक ऊपर 22,717.20 पर कारोबार देखा गया।

वहीं सोमवार के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 494 अंक मजबूत हुआ। वहीं निफ्टी में भी 153 अंक की बढ़त दर्ज की गई। वहीं अमेरिकी बाजार सोमवार को सपाट बंद हुए। बाजार की नजरें अब आने वाले महंगाई के आकड़ों पर है।

# गोफर्स्ट को राहत, एनसीएलटी ने दिवाला प्रक्रिया पूरा करने बढ़ाया समय

**- अब गोफर्स्ट को समाधान प्रक्रिया पूरा करने के लिए 3 जून तक का समय मिला**


नई दिल्ली ।

नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने दिवालिया हो रही गोफर्स्ट को समाधान प्रक्रिया को पूरा करने 60 दिन का समय और दे दिया है। यह लगभग तीसरी बार है जब एनसीएलटी ने विस्तार किया है। अब गोफर्स्ट को समाधान प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 3 जून तक का समय है। दिल्ली स्थित एनसीएलटी की दो सदस्यीय पीठ ने गोफर्स्ट के समाधान पेशेवर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। इसमें कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। 13 फरवरी को एनसीएलटी ने सीआईआरपी को पूरा करने की समय सीमा 4 अप्रैल तक बढ़ा दी। यह पिछले साल 23 नवंबर को ट्रिब्यूनल द्वारा 90 दिनों का विस्तार दिए जाने के बाद था, जो 4 फरवरी को समाप्त हो गया। दिवाला और दिवालियापन संहिता 330 दिनों के भीतर सीआईआरपी को पूरा करने का आदेश देती है, जिसमें मुकदमेबाजी के दौरान लगने वाला समय भी शामिल है। संहिता की धारा 12(1) के अनुसार, सीआईआरपी 180 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। हालाँकि किसी भी विस्तार या मुकदमेबाजी अवधि सहित, सीआईआरपी को अनिवार्य रूप से पूरा करने की अधिकतम समय सीमा 330 दिन है, जिसमें विफल रहने पर कॉर्पोरेट देनदार को परिसमापन के लिए भेजा जाता है। 10 मई, 2023 को एनसीएलटी ने स्वैच्छिक दिवाला समाधान कार्यवाही शुरू करने के लिए गोफर्स्ट की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसने 3 मई को उड़ानों का संचालन बंद कर दिया था। पिछले साल 3 मई 2023 से गोफर्स्ट की सभी फ्लाइट बंद हैं। एयरलाइन वित्तीय संकट का सामना कर रही थी, जिसकी वजह से उसकी सभी उड़ानों का परिचालन बंद हुआ था। एनसीएलटी ने मई 2023 से ही एयरलाइन के लिए दिवाला समाधान कार्यवाही शुरू कर दी थी। बता दें कि कारोबारी साल 2021-22 में एयरलाइन का राजस्व 4,183 करोड़ रुपये था।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 91 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। तेल कंपनियों के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार में इस हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.28 डॉलर की उछाल के साथ 90.66 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.23 डॉलर की बढ़त के साथ 86.66 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in